RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 172 | ग्वालियर रविवार 2 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए


## उपराष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में लगाई पावन डुबकी, कहा: धन्य हुआ जीवन

### त्रिवेणी संगम पर लगाई पुण्ड डुबकी, अक्षयवट-सरस्वती कूप और हनुमान मंदिर में सीएम योगी के साथ किए दर्शन

### उपराष्ट्रपति ने संगम पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं का किया अभिवादन, सर पर शिवलिंग रखकर लगाई आस्था की पवित्र डुबकी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

प्रयागराज शनि कुमार यादव



**महाकुम्भनगर,** 1 फरवरी। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान किया और इस घटना को जीवन धन्य करने वाला अवसर बताया। उपराष्ट्रपति धनखड़ तीर्थराज प्रयागराज पत्नी व परिवार समेत हेलिकॉप्टर से पहुंचे जहां हेलिपैड पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां से वह अरैल संगम घाट की ओर बढ़े जहां क्रूज पर सवार होकर उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और त्रिवेणी संगम में चिह्नित स्थान पर स्नान किया। इस दौरान स्वस्ति वाचन की गूंज के मध्य धनखड़ ने सिर पर शिवलिंग रखकर आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान वृंदावन के मुख्य पुजारी पुंडरीक गोस्वामी ने पूजन-अर्चन किया।

**साइबेरियन पक्षियों को देखकर हुए उत्साहित, अपने हाथ से डाला दाना :** इससे पूर्व नौकायन के दौरान साइबेरियन पक्षियों को देखकर वह उत्साहित हो उठे। उन्होंने कलरव करते पक्षियों को अपने हाथ से दाना डाला और परिजनों समेत इस आनंदित करने वाले क्षण का आनंद लिया। नौकायन के दौरान उन्होंने त्रिवेणी संगम के महात्म के बारे में सीएम योगी से जाना। धवल वर्णा गंगा और श्यामल वर्णा यमुना समेत अदृश्य सरस्वति के महाप्रयाग को महाकुम्भ की पुण्य वेला में दर्शन करके, उसमें स्नान कर जनकल्याण का संकल्प लेकर उपराष्टपति प्रफुल्लित दिखे। उन्होंने इस अवसर को जीवन धन्य करने वाला क्षण बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के पूर्व संगम नोज व आस-पास के घाटों पर स्नान कर रहे स्नानार्थियों का अभिवादन किया। स्नान के बाद उन्होंने तीर्थराज प्रयाग की जय और नमः पार्वति पतये हर-हर महादेव का जयकारा उद्घोषित किया।

**सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर का किया दर्शन :** त्रिवेणी संगम पर स्नान के बाद उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी व परिवार समेत सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर में बाकायदा विधिवत पूजन-अर्चन किया। यहां उन्होंने महाबली हनुमान को रोली, वस्त्र, जनेऊ, सिंदूर, लाल चंदन, माला, धूप-दीप, नैवेद्य अर्पित किया और परिक्रमा भी की। धनखड़ ने इन सभी स्थानों पर पूजन-अर्चन के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने इन स्थानों का महात्म भी जाना। इस दौरान महाकुम्भ में योगी सरकार की तैयारियों को धनखड़ ने सुखद अनुभव करार दिया। उन्होंने कहा कि मैने अपने जीवन में इतना भव्य-दिव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हो रहा महासमागम नहीं देखा है, यहां आकर जीवन धन्य हो गया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी समेत उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री व शासन के आला पदाधिकारी मौजूद रहे।

### योगी राज में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर मंडरा रहा खतरा

## खबर से बौखलाए वन तस्कर ने पत्रकार के घर जाकर पत्रकार व परिवार को दी जान से मारने की धमकी

### पीड़ित पत्रकार ने थाना चिलकाना में धमकी देने वाले वन तस्कर के खिलाफ तहरीर देकर लगाई जान माल की सुरक्षा की गुहार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरों चीफ जाती राम




**चिलकाना पठेड़-** आम के हरे भरे पेड़ काट दिए जाने के बाद पत्रकार के द्वारा खबर चलाये जाने पर वनमाफिया के द्वारा पत्रकार के घर जाकर परिवार को जातिसूचक शब्द व पत्रकार को जान से मारने की धमकी देकर भाग जाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर खतरा मंडरा रहा है।।

थाना चिलकाना के ग्राम फिरोजाबाद निवासी जाती राम एक दैनिक अखबार के में प्रतिनिधि नियुक्त है। उन्होंने बताया कि कई दिन पहले जब वह फील्ड में गए हुए तो बेहट रेंज के ग्राम असलमपुर बरथा में आठ पेड़ों की आड़ में करीब तीन दर्जन से अधिक पेड़ काटे गए थे।

जिसकी खबर को दैनिक अखबार में प्रकाशित किया गया था।शुक्रवार को खबर से बौखलाए कोतवाली बेहट के हथौली निवासी वन तस्कर बबलू सैनी व उसके चार अन्य साथियों ने पत्रकार के घर जाकर जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। हालांकि उत्तर प्रदेश के जबकि 25 नवंबर 2020 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर सख्त आदेश देते हुए कहा था कि पत्रकारों को धमकाने या पत्रकारों का उत्पीड़न व पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वाले आरोपियों के विरुद्ध 50,000 का जुर्माना एवं 24 घंटे के अंदर तीन साल तक की सजा का फरमान सुनाया था। उसके बाद भी क्षेत्र में पत्रकारों को उत्पीड़न लगातार किया जा रहा है।

पीड़ित पत्रकार के घर पर जाकर जातिसूचक शब्दों का बोलना और जान से मारने की धमकी देने से घबराए पत्रकार ने थाना चिलकाना में आरोपी बबलू सैनी व उसके चार अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है। वही इस घटना को लेकर चिलकाना पठेड इकाई के पत्रकारों में रोष उत्पन हो रहा है जिसमें वरिष्ठ पत्रकार श्याम सिंह सैनी, विमल शर्मा, शिवनंदन शर्मा, जगपाल उपाध्याय, धीरज चौधरी, सलमान,जातीराम कुर्बान मलिक कुलदीप चौधरी हाकिम अली विकास धिमान ने कहा कि यदि आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही नहीं की जाती तो वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह साजवाण से मिलकर कार्यवाही करवाने की मांग करेंगे।

### जनता जनार्दन के सपनों को पूरा करने वाला बजट है: अभिषेक गुप्ता



**खैराबाद सीतापुर ।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट आज संसद में पेश किया गया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आज 8वीं बार बजट पेश कर इतिहास रचा. वित्त मंत्री ने आम लोगों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं. खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बजट का स्वागत करते हुए बताया यह बजट युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है. खासकर मिडिल क्लास के योगदान का ध्यान रखते हुए यह बजट अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है. बारह लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर से राहत दिए जाने के निर्णय उत्साहजनक है. मैं पीएम नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एक शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

## जिले के एक लाख 60 हजार 23 किसानों से 8 लाख 55 हजार 396 मे.टन धान खरीदी

### किसानों को 1967 करोड़ 46 लाख रूपये से अधिक राशि का हुआ भुगतान

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** खरीफ विपणन अंतर्गत समर्थन मूल्य में 1 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हुई धान खरीदी के तहत जिले के एक लाख 60 हजार 23 किसानों से 8 लाख 55 हजार 396 मेट्रिक टन धान खरीदी की गई है। खरीदी के एवज में सभी किसानों को कुल1967 करोड़ 46लाख 21हजार 168 रूपये का भुगतान किया गया है। इस वर्ष धान खरीदी की समुचित व्यवस्थाओं से किसानों में खुशी क़ा माहौल रहा। किसानों नें शासन की खरीदी व्यवस्था की तारीफ करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि जिले में 1 लाख 67 हजार 814 किसान पंजीकृत थे जिसमें 166 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1लाख 60हजार 23 किसानों ने 8 लाख 55 हजार 396 मे.टन धान बेचे है। पंजीकृत किसानों में से धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत 95.36 है।इसके साथ ही 68 प्रतिशत धान का उठाव उपार्जनों केन्द्रों से किया जा चुका है। आने वाले दिनों में उक्त उठाव 100 प्रतिशत हो जायेगी। जिले के 15 सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम किसानों के खाते में 1967करोड़ 46 लाख 21हजार 168 रूपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। लाभान्वित किसानों में शाखा कसडोल के 13994 किसानों 166 करोड़ 26 लाख 87 हजार 480 रूपये कोदवा के10449किसानों को 127करोड़ 64लाख 49 हजार रूपये कोसमंदी के 6032 किसानों को 70 करोड़ 37 लाख 39हजार रूपये टूण्डरा के 10218 किसानों को 118 करोड़ 20 लाख 10 हजार रूपये निपानिया के 11245 किसानों को 139 करोड़ 93 लाख 73 हजार रूपये पलारी के 6286 किसानों को 73 करोड़ 22 लाख 66हजार रूपये बया के 9539 किसानों को 164 करोड़ 25 लाख 27 हजार रूपये बलौदाबाजार के 17589 किसानों क़ो 215 करोड़ 32 लाख 19 हजार,हथबंद 8450 किसानों को 100 करोड़ 55 लाख 55 हजार रूपये भाटापारा 12579 किसानों को 149करोड़ 92 लाख 12 हजार रूपये लवन 14069 किसानों को 167 करोड़ 70 लाख 5 हजार रूपये सिमगा 15881 किसानों को 185 करोड़ 53 लाख 51 हजार रूपये भटभेरा के 8586 किसानों क़ो 100 करोड़ 39 लाख हजार रुपये वटगन के 6733 किसानों क़ो 88 करोड़ 9 लाख 77 हजार रुपये एवं रोहांसी के 8373 किसानों को 100 करोड़ 3लाख 39 हजार रूपये का भुगतान किया गया है।कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले मे निर्विवाद तरीके से धान खरीदी होने पर खरीदी में लगे विभिन्न विभागों के सभी मैदानी कर्मचारी अधिकारियों क़ो धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन क़ी मंशानुरूप धान खरीदी में किसान को कोई तकलीफ न हो इसका मैदानी कर्मचारियों ने विशेष ध्यान रखा। सभी ने बहुत मेहनत किया जिसका ही परिणाम है कि धान खरीदी में कोई बड़ी समस्याओं का सामना जिले में नहीं करना पड़ा। किसानों के लिए बारदानों से लेकर किसानों के पीने की पानी तक कि व्यवस्था सुचारू रूप से किया गया था।

## सामूहिक महारुद्राभिषेक कोयलांचल क्षेत्र में होगा आयोजित

### करौली शंकर महादेव धाम के भक्तों ने कर ली है आयोजन की सम्पूर्ण तैयारी

अनूपपुर जिला ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट

**राजनगर कॉलरी** बसंत पंचमी के अवसर पर करौली शंकर महादेवधाम के स्थानीय भक्तों के द्वारा सामूहिक महा रुद्राभिषेक राजनगर कॉलरी के राजनगर स्टेडियम में 2 फरवरी, दिन -रविवार को आयोजित किया जा रहा है, इस महा रुद्राभिषेक में 101 परिवार /भक्तगण एक साथ बैठकर अलग- अलग वेदी और आसन के माध्यम से सामूहिक रुद्राभिषेक करेंगे। यह कार्यक्रम श्री करौली शंकर महादेवधाम कानपुर के स्थानीय भक्तगण शंकर सेना जिला- अनूपपुर, संभाग शहडोल के भक्तों के द्वारा किया जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में इस प्रकार का यह कार्यक्रम अपने आप में एक अनोखा कार्यक्रम है, यह कार्यक्रम कई चरणों में एक दिवसीय किया जा रहा है।

सनातन रैली से होगी कार्यक्रम की शुरुआत : सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत पौराधार शिव मंदिर प्रांगण से शिवलिंग को जल अर्पित कर आम नागरिको,सनातन प्रहरियों, एवं भक्तों के द्वारा बाइक एवं चार पहिया वाहन के माध्यम से सनातन जागरण रैली जो कोयलांचल क्षेत्र के पौराधार,राजनगर,सी सेक्टर होते हुए राजनगर स्टेडियम कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

सामूहिक महा रुद्राभिषेक में है हर वर्ग है शामिल : सनातन रैली के उपरांत राजनगर स्टेडियम में एक साथ 101 परिवार/भक्तगण अलग-अलग वेदी और आसन के माध्यम से सामूहिक महा रुद्राभिषेक करेंगे,महारुद्राभिषेक विधि विधान के साथ पूर्ण किया जाएगा,ज्ञात हो कि इस रुद्राभिषेक में हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखकर पंजीयन किया गया है,कुछ भक्त शुल्क देकर तो कुछ जरूरतमंद परिवार निशुल्क भी रुद्राभिषेक कर रहे हैं, राजा और रंक सभी एक ही प्रांगण में उपस्थित होकर रुद्राभिषेक करेंगे,आयोजन कमेटी ने रुद्राभिषेक करने वाले भक्तों के नाम से उनके आसन और वेदी को आरक्षित कर दिया है वे तैयार होकर रुद्राभिषेक स्थल पर 2 फरवरी को पहुंचेंगे बाकी सारी व्यवस्थाएं पूजन की सामग्री,आसन,फल-फूल शिवलिंग,नंदी,श्रृंगी और जो भी सामग्री रुद्राभिषेक के लिए आवश्यक होते हैं वह सभी आवश्यक सामग्री कमेटी के द्वारा भक्तों को प्रदाय की जाएगी।

कन्या भोजन का भी है आयोजन: रुद्राभिषेक के उपरांत कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन आयोजन समिति के द्वारा किया गया है अधिक से अधिक भक्तगण कन्या भोजन एवं साथ ही क्षेत्र के लोग महा प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे,कमेटी ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से यह भी आग्रह भी किया है।

बुजुर्गों का भी होगा सम्मान: कन्या भोजन महा प्रसाद के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित बड़े वृद्ध जन जो हमारे मदर्शक है और समाज को आगे बढ़ाने में अपना निरंतर योगदान देते रहते हैं,उन्हें शाल श्रीफल देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

मनमोहक झांकी कार्यक्रम: महा रुद्राभिषेक स्थल पर शिव पार्वती, मां दुर्गा काली, एवं शिव के गणों की झांकी भी निरंतर निकलती रहेगी जो मनमोहन होगी और रुद्राभिषेक प्रांगण में भगवान के कई रूपों में झांकी के माध्यम से सजीव चित्रण भी कराया जाएगा।

## बारादरी चौराहे के यातायात को व्यवस्थित करने के लिये किए जायेंगे पुख्ता प्रबंध

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बारादरी चौराहे का किया निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर** / शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में इंदरगंज चौराहा एवं मुरार बारादरी चौराहा पर यातायात को व्यवस्थित करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों ने शनिवार को संयुक्त रूप से मुरार बारादरी चौराहे का निरीक्षण किया और व्यापारियों से चर्चा भी की। इसके साथ ही यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बारादरी चौराहे पर लेफ्ट टर्न को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लेफ्ट टर्न पर लगे ऑटो स्टैण्ड के बोर्ड को पीछे स्थापित करने के साथ ही संचालित सभी ऑटो को स्टैण्ड से ही सवारी लेकर रवाना कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लेफ्ट टर्न एवं यातायात में बाधक अस्थायी अवरोध को भी हटाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान बारादरी चौराहे के आसपास स्थापित सभी पेयजल प्याऊ को संधारित कर व्यवस्थित करने के निर्देश भी नगर निगम के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही चौराहे के समीप ही स्थापित एक पुरानी बावड़ी का सौंदर्यीकरण कर लाइटिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों को मार्केट में माइकिंग के माध्यम से आवश्यक समझाइश देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आवश्यक समझाइश के पश्चात भी यातायात में बाधक अवरोधों को न हटाने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अशोक चौहान, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री मुनीष सिंह सिकरवार, डीएसपी ट्रैफिक श्री अजीत सिंह चौहान सहित पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## गायत्री शक्ति बाराबंकी पर पत्रकारों का किया गया सम्मान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता



**,बाराबंकी** ।अखण्ड ज्योति, 3200 पुस्तकों के लेखक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानीसे, भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सैनिक अखबार के संपादक युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पण्डित श्री राम शर्मा जी की पाती अखण्ड ज्योति पत्रिका विस्तार के अंतर्गत जीवंत जाग्रत राष्ट्र के प्रहरी पत्रकारों का सम्मान गायत्री शक्ति पीठ बाराबंकी पर शांतिकुंज के प्रतिनिधि संजय चतुर्वेदी के द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह व आज का भारत हमारे दायित्व के तहत स्वागत अभिनंदन किया गया। सभी पत्रकारों को सद्साहित्य अखंड ज्योत गायत्री मंत्र अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बंधुओं में जर्नलिस्ट कॉउंसिल ऑफ इण्डिया (रजि )के जिलाध्यक्ष बी . त्रिपाठी एड0 , कोषाध्यक्ष सत्य नारायण गुप्ता व पत्रकार देवेंद्र मिश्रा, संजय वर्मा, के-के शुक्ला, उमाकांत बाजपेई, राजकुमार , राहुल त्रिपाठी, मनीष कुमार, सत्यवान पाल, जितेन्द्र मौर्य,अंकित मिश्रा, रंजीत गुप्ता, कमलेश मौर्य,राज दुलारी पटेल, फहीम सिद्दीकी, अमित कुमार,के साथ गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला समन्वयक एपी शर्मा, घनश्याम शुक्ला, हरिशंकर शुक्ला, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,दिनेश बाजपेई, बहोरी प्रसाद शुक्ला, जय नाथ वर्मा, रविंद्र कुमार यादव, रज्जन लाल,युवा समन्वयक बाराबंकी अखिलेश पांडे, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिक्षा और संस्कार का संगम है सरस्वती शिशु मंदिर : मोहन सिंह राठौर

## वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी



**भितरवार।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मोहन सिंह राठौर, अध्यक्षता महर्षि अरविन्द शिक्षा प्रसार समिति अध्यक्ष रामस्वरूप दुबे ने की विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र रावत, थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजेश शुक्ला जिला प्रतिनिधि एवं सदस्य सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान भोपाल थें। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों द्वारा कई लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी।इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक मोहन सिंह राठौर ने कहा की शिक्षा और संस्कार का संगम है सरस्वती शिशु मंदिर की संस्था,विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर छात्रों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक दृष्टि से विकसित करती है ताकि ऐसे युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके,जो संस्कारवान एवं राष्ट्रहित से ओतप्रोत हो।आगे उन्होंने कहा की शिक्षा में संस्कार का होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों को सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक के मंत्र सिखाए जाते हैं, जो बच्चों के जीवन में अनुशासन और संस्कार की नींव डालते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर सामाजिक शिक्षण संस्थान है, जहां बच्चों के लिए शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्त, समाज के प्रति उनका दायित्व, वैदिक मंत्र उच्चारण तथा अनुशासन सहित शारीरिक आधुनिक तकनीकी शिक्षा दी जाती है। वार्षिक उत्सव में भी बच्चों द्वारा जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उनमें भी समाज के लिए संदेश है। ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले बच्चे देश में रहें चाहे विदेश में रहें, अपने माता-पिता अपने क्षेत्र तथा स्कूल का नाम रोशन करते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामस्वरूप दुबे ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर गैर सरकारी संस्था है, इसे शासन के द्वारा किसी प्रकार से कोई अनुदान प्राप्त नहीं होता हैं। यहां छात्र-छात्राएं अपने माता पिता के भावी आशाओं के अनुरूप तैयार होते हैं।यहां के शिक्षा पद्वति का शिक्षा के जगत में एक विशिष्ट पहचान है विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूरे देश में संचालित है, जो दूरस्थ अंचलों, नगर एवं ग्रामों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। प्राथमिक से लेकर उच्चर माध्यमिक तक शिक्षण संस्था संचालित हो रही है।यहां के आचार्य, दीदी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे हैं।इस मौके पर मुख्य वक्ता ने राजेश शुक्ला ने प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। मंचासीन अतिथियों का परिचय प्राचार्य श्री राम मोहन श्रीवास्तव ने कराया। मंचासीन अतिथियों द्वारा कक्षा 5 ,8 एवं 10 में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया/ बहिनों को सम्मानित किया गया।लगभग 450 अभिभावकों ने कार्यक्रम में उपस्ति होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय का प्रतिवेदन प्राचार्य से राम मोहन श्रीवास्तव द्वारा रखा गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम शर्मा ने किया एंव आभार विद्यालय के व्यवस्थापक श्रीमान ओमप्रकाश जी मोदी द्वारा किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मोदी, प्रदीप माहेश्वरी संतोष यादव, महेश चंद्र जैन, सुरेश उपाध्याय मामा पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका आलमपुर की लापरवाही आ रही सामने रोड पर डाले जा रहे गायों के शव

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/
रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



आलमपुर नगर पालिका की घोर लापरवाही सामने आ रही है सुत्रों की जानकारी अनुसार गोवंश एवं गायों के शवों को रोड किनारे फेका जा रहा है जिसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है आलमपुर से सेवड़ा वाले इस रोड किनारे सिद्ध बाबा का स्थान है वहां पर हजारों की संख्या में गुरुवार के दिन दर्शन करने श्रद्धालु जाते हैं वही रोड किनारे घाटोई बाबा का स्थान भी है वहां पर लोग पूजा करने बाहर से आते हैं दर्शनार्थीयो का बदबू के मारे खड़ा होना मुश्किल हो रहा है गायो के शवों को कुत्ते नोच रहे हैं और नगर पालिका अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार अधिकारियों वोला जा चुका है फिर भी कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सुनने के लिए तैयार नहीं है इस आम रास्ता रोड से निकलने वाले राहगीरों को भी दुर्गंध से तकलीफ हो रही है इसी रोड पर आगे गैस एजेंसी भी है नगर के बच्चे जवान महिलाएं सिद्ध बाबा पर दर्शन करने जाते हैं बदबू के मारे इतने परेशान हैं की कई लोग बीमार हो रहे यह है नगर आलमपुर की नगर पालिका कहूं या नरक पालिका कहूं

# ए,एस,आई रामविलास राजावत के सेवानिवृत्त होने पर हुआ गौ भंडारा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/
रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान




लहार नगर के वार्ड नं 1 पचपेड़ा तिराहे के निवासी ए,एस,आई रामविलास राजावत जो जिला दतिया के पुलिस थाने में पदस्थ थे उनके सेवा निवृत्त होने पर गौ भंडारा करवाया गया लहार नगर में रोड़ पर विचरण करती भुखी गायों को हरा चारा खिलाया गया

# स्वच्छता, प्रदूषण और नशा मुक्ति के लिए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की पहल सम्पन्न हुआ संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान





**ग्वालियर** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर ग्वालियर शहर को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त, नशा मुक्त बनाने के संकल्प की पूर्ति के लिए आरंभ हुई संगीतमय रामधुन का एक माह पूर्ण होने पर जन कल्याण समिति ग्वालियर द्वारा शनिवार को संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेदप्रकाश शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, नगर निगम ग्वालियर के सभापति मनोज तोमर सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने ज्येष्ठ भ्राता देवेन्द्र सिंह तोमर का लंग्स इंफेक्शन के कारण निधन होने के बाद यह संकल्प लिया है कि उनके भाई जैसी स्थिति किसी अन्य परिवार में न हो इसके लिए वह ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने का अभियान चलाएंगे। उनके इसी अभियान के तहत बीते माह से प्रतिदिन शाम 7 बजे सीताराम सीताराम धुन का वाचन शुरु किया है। इस सीताराम धुन को शनिवार 1 फरवरी को एक माह पूर्ण होने पर ऊर्जा मंत्री ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन इंटक मैदान हजीरा पर दोपहर 2.30 बजे से किया था।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सुन्दरकाण्ड पाठ में शामिल समस्त श्रद्धालुओं को एक-एक कैलेण्डर और डस्टबिन प्रदान करते हुए शपथ दिलाई कि आज से प्रतिदिन अपनी दैनिक दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने के अभियान के लिए खुद समय देंगे और अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरितद करेंगे।

मध्य प्रदेश की ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपस्थित लोगों का आवाह्न किया कि वे एक अच्छे समाज का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि आपका यह सेवक गांव से आया था और आज आपकी और ईश्वर की कृपा से मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री है। ईश्वर के घर देर है अंधेर नहीं है। संविधान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, इसके साथ ही हमें कुछ दायित्वों के निर्वहन की भी जिम्मेदारी दी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने अधिकारों का सदुपयोग करें और अपने अधिकारों को सुनिश्चित करें।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा टकराव तभी होता है, जब हम दूसरे के अधिकारों का हनन करते हैं, ऐसा करने पर दूसरे भी आपके अधिकारों पर हमला करते हैं। जैसे हम अपने परिवार के दायित्वों का निर्वहन करते हैं, वैसे ही हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें। अपने घर परिवार बेटे बेटियों मित्र मंडली को संस्कारवान बनाएंगे, तभी हम संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकेंगे। ऐसा करने से समाज में अच्छे और संस्कार वन लोगों बाहुल्य होगा और बुरे लोगों की संख्या स्वत = कम होती जाएगी। एक समय ऐसा आएगा जब लोग संस्कारित होंगे और हमारे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान बनेगी।

# पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए कृपा शंकर अवस्थी

## पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव ने सम्मानित कर किया विदा

ममता बघेल -/- दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर**-/- मध्य प्रदेश पुलिस में विभाग में पदस्थ कृपा शंकर अवस्थी पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए इस अवसर परपुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह यादव के द्वारा उनको विदाई सम्मान पत्र भेंट कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से विदा किया निरीक्षक पद से सेवानिवृत्ति हो रहे कृपा शंकर अवस्थी ने 10 अक्टूबर 1983 को पुलिस विभाग ज्वाइन किया था जो निरीक्षक पद से सेवानिवृत हो रहे हैं उनकी पुलिस विभाग में छवि बेहतर शानदार एवं स्वच्छ निर्भीक तरीके के अफसर के रूप में गिनी जाती है ग्वालियर पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव के

द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित पत्र देकर विदा किया इस अवसर पर कई सामाजिक संस्था एवं उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको पुष्प हार पहनाकर उनके उज्जवल वर्ष की कामना की

# गिरधारी लाल शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर शाल एवं श्रीफल से किया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101



**ग्वालियर।** जिला सहकारी बैंक के कार्यालय अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा के सेवा निवृत्त होने पर शुक्रवार को बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरकेएस चौहान, अधिकारी व कर्मचारियों ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनको सम्मानित किया। उन्होंने 42 वर्ष लगातार कार्यालय में रहकर कार्यपालन किया। उनके कार्य की बैंक अधिकारियों ने सहराना की। उज्जवल भविष्य की कामना कर उनका कार्यालय से विदा किया इस अवसर समाजसेवी पंडित भूपेन्द्र भारद्वाज ने शर्मा की सेवा निवृत्ति पर उनको बधाई दी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्वालियर आएंगे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**जिलाध्यक्ष के नेतृत्व कार्यकर्ता एयरपोर्ट पर करेंगे शिवराज जी का स्वागत**

**ग्वालियर ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता,भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी 2 फरवरी को सुबह 10 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी। जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने समस्त भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं से एयरपोर्ट पर पहुंचकर शिवराज सिंह जी का स्वागत वंदन अभिनंदन करने की अपील की है।

# रथ पर सवार होकर श्री जिनेंद्र प्रभु ने किया नगर भ्रमण

## महायज्ञ, रथयात्रा के साथ हुआ सिद्धचक्र विधान का समापन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**मुरैना ।** सात दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन पर विश्व शांति महायज्ञ एवं भव्य रथयात्रा चल समारोह निकाला गया । आयोजन समिति के मुख्य संयोजक विनोद जैन (लोहे वाले) द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पुण्यार्जक परिवार लोहिया बाजार मुरैना निवासी नेमीचंद विमलचंद जैन वर्तन वाले परिवार द्वारा ज्ञानसागर सेवा सदन मुरैना में 26 जनवरी से 01 फरवरी तक सात दिवसीय श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया गया । प्रतिष्ठाचार्य महेंद्र कुमार शास्त्री एवं विधानाचार्य राजेंद्र जैन शास्त्री मंगरोनी के आचार्यत्व में निरंतर सात दिन सिद्धों की आराधना करते हुए अर्घ समर्पित किए गए । भजन गायक एवं संगीतकार सौरभ जैन एण्ड पार्टी द्वारा प्रतिदिन रात्रि को महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

आयोजन समिति के मीडिया संयोजक मनोज जैन नायक एवं आशीष जैन ने बताया कि विधान के अंतिम दिन प्रात: कालीन वेला में अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन के पश्चात विश्व शांति की कामना के साथ महायज्ञ किया गया । जिसमें इंद्र इंद्राणीयों द्वारा आहुति दी गई । विधान के समापन पर विशाल एवं भव्य रथयात्रा निकाली गई । श्री जिनेंद्र प्रभु को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया । भव्य रथ यात्रा चल समारोह शंकर बाजार, स्टेशन रोड, हनुमान चौराहा, सराफा बाजार, लोहिया बाजार होता हुआ बड़े जैन मंदिर पहुंचा । बड़े जैन मंदिर जी में श्री जिनेंद्र प्रभु को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर स्वर्ण कलशों द्वारा कलशाभिषेक किया गया । स्वर्ण कलशों से जलधारा जैसे ही प्रभुजी के सिर पर ढारी गई, वैसे ही पूरा मंडप भगवान की जय जयकारों से गूंज उठा । रथयात्रा में चल रही घोड़ा बग्घियों में प्रतिष्ठाचार्य, विधानाचार्य एवं इंद्र इंद्राणी विराजमान थे । चार इंद्र श्री जिनेंद्र प्रभु पर चवर ढार रहे थे । स्थान स्थान पर साधर्मी बंधुओं ने चल समारोह की अगवानी करते हुए श्री जिनेंद्र प्रभु की आरती की बैंड बाजों की भक्तिमय धुन पर साधर्मी बंधु नृत्य करते हुए चल रहे थे । रथयात्रा में श्री जी विराजमान वाले रथ को युवा क्लब के युवा साथी अपने हाथों से खींच रहे थे । कार्यक्रम समापन की पूर्व संध्या पर पुण्यार्जक परिवार द्वारा प्रतिष्ठाचार्य महेन्द्रकुमार शास्त्री मुरैना, विधानाचार्य राजेंद्र जी शास्त्री मंगरोनी ग्वालियर, विद्वत नवनीत शास्त्री मुरैना, अभिषेक जैन टीटू आलोक प्रेस, मनोज जैन नायक का सम्मान किया गया । कार्यक्रम पश्चात कुम्हेरी बाले नेमीचंद विमलचंद जैन बर्तन वाले परिवार की ओर से सकल जैन समाज के वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया था । इस पावन अवसर पर अतिशय क्षेत्र टिकटोली के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, जैन छात्रावास के अधीक्षक चक्रेश शास्त्री, पल्लीवाल मंदिर के अध्यक्ष शेखर जैन, मंत्री अमर जैन, बड़ा मंदिर के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन, मंत्री विनोद जैन, रज्जू जैन, अनूप जैन, बृजेश जैन हप्पू, ओमप्रकाश जैन, रमेश जैन, पदमचंद जैन,

# मद्य निषेध का दिलाया संकल्प

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन




अम्बाह। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुरैना ने चांद का पुरा युवा मण्डल और आदि युवा मण्डल के सहयोग से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने ग्रामीणों और युवाओं को मद्यपान और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा मद्यपान न करने का संकल्प दिलाया। चांद का पुरा ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मौजूद सभी लोगों ने गांधी जी के छायाचित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर शिक्षक राजकुमार तोमर ने गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी मात्र एक व्यक्ति नहीं बल्कि सम्पूर्ण विचार धारा है जो उस समय से लेकर आज तक निरंतर प्रवाहमान है और आगे आने वाली पीढ़ी का भी मार्गदर्शन करती रहेगी। गांधी जी के सिद्धांत इतने यथार्थपरक और प्रगतिशील थे कि वो आज भी व्यवहारिक हैं,इसकी वजह यह है कि उन्होंने अपने सिद्धांतों को लिखा नहीं, बल्कि यथार्थ में जिया था। कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर विपिन तोमर,देवेश शर्मा, चन्द्रभान शर्मा, सुनैना देवी, रौनक शर्मा , साक्षी शर्मा, नितिन सिंह, रिंकू सिंह आदि ग्रामीण मौजूद थे ।

# सेफ क्लिक अभियान का शुभारंभ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी



पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना मध्य प्रदेश के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा साइबर सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे *सेफ क्लिक* अभियान का ग्वालियर में आज कंट्रोल रूम सभागार में शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें ग्वालियर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी साइबर जागरूकता अभियान शुरू किया गया इसी क्रम में ग्वालियर जिले के भितरवार में स्कूली बच्चों द्वारा साइबर जागरूकता अभियान रैली निकाली गई साइबर जागरूकता रैली को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीतेंद्र नगाइच थाना प्रभारी अतुल सिंह सोलंकी द्वारा कालीमाता ग्राउंड से झंडी दिखाकर रवाना किया गया वही रैली के माध्यम से नगर में लोगों को साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया एवं रैली को नगर के विभिन्न विभिन्न स्थानों से निकाल कर भितरवार पुलिस थाने में रैली का समापन किया गया

# विकसित भारत' निर्माण के संकल्प का प्रतीक : राजौरिया

## 12 लाख रुपए तक इनकम टैक्स पर छूट

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का आम बजट सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय के साथ ही 'विकसित भारत' निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताते हुए ऐतिहासिक बताया।

उन्होंने कहा कि यह आम बजट सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण को दिशा प्रदान करेगा। इसमें महिला, मजदूर, गरीब, किसान, युवा, व्यापारी, कृषि, मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उद्योग, निवेश और निर्यात समेत सभी क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी 6500 सीटें बढ़ेंगी जोकि दोगुना हो जाएगी। वहीं मेडिकल की सीटें भी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बजट ई श्रम पोर्टल का? गठन किया जाएगा तथा इस बजट में आम जनता के लिए 12 लाख रुपए तक इनकम टैक्स में छूट का प्रावधान किया गया है। श्री राजौरिया ने 'विकसित भारत' की संकल्पना को चरितार्थ करने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सराहना की है।

# पुलिस ने सेफ क्लिक अभियान का किया शुभारंभ, विविध कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा शनिवार से प्रारम्भ कर 11 फरवरी तक सायबर सुरक्षा जागरूकता सेफ क्लिक अभियान आयोजित किया जा रहा है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में जागरूकता अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ.रविंद्र वर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को कमला कॉलेज में विद्यार्थियों को संबोधित कर साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया एवं अभियान हेतु बनाए गए विशेष पैम्पलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सायबर सेल से प्रदीप मिश्रा, प्राचार्य डॉ रोहित सिंह सहित प्राध्यापक छात्र.छात्राएं एवं पुलिस का स्टाफ उपस्थित रहे।

इसी क्रम मे थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, उप निरीक्षक आकाश सिंह राजपूत एवं उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी तथा कोतवाली स्टाफ के द्वारा सरस्वती उ मा वि अर्जुन नगर उत्तरी करोंदिया मे साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे लगभग 150 छात्र छात्राएँ एवं शिक्षक मौजूद रहे। थाना अमिलिया अंतर्गत काशी हायर सेकेंडरी स्कूल अमिलिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उप निरीक्षक इंद्राज सिंह द्वारा उपस्थित छात्राओं को जागरूक किया गया जिसमें छात्र.छात्राएं अध्यापक सहित 300 लोग उपस्थित रहे। थाना बहरी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोखरा मे निरीक्षक राकेश बैस के द्वारा छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के मध्य जागरूकता कार्यकरण किया गया।

थाना मझौली अंतर्गत शासकीय कन्या विद्यालय मझौली मे उप निरीक्षक दीपक बघेल के द्वारा 150 की संख्या में छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों साथ ही चौकी मड़वास अंतर्गत साइबर सेफ्टी प्रोग्राम हायर सेकेंडरी स्कूल महखोर में छात्रों एवं शिक्षकों के मध्य जागरूकता कार्यकरण किया गया।

उक्त अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर स्कूल एवं कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थानों पर जनसंवाद के माध्यम से नगर ग्राम रक्षा समितियों व सामुदायिक सहभागिता से व्यापक स्तर पर जिला व थाना स्तर तक सामुदायिक पुलिसिंग के सहयोग से आयोजित होंगे। डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी इस अभियान की व्यापकता प्रदान की जाएगी। उक्त अवधि में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग तथा सायबर संबंधी अपराधों से सुरक्षा हेतु स्कूल, कॉलेज एवं जन सामान्य के साथ जनसंवाद तथा नगर रक्षा समितिए एनजीओ, बैंक, खेल विभाग, जिला पंचायत, व्यापारी संगठन तथा स्कूल.कॉलेज के छात्र.छात्राओं की सहभागिता के माध्यम से जागरूकता कार्यकम किये जायेंगे। इस दौरान पोस्टर, पेम्पलेट वितरण, वीडियो क्लिपिंग, सायबर मेला के माध्यम से अधिकाधिक प्रचार.प्रसार किया जावेगा।

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना बघेलखंड की परम्परा : अजय सिंह



**सीधी।** राजधानी भोपाल में बसने वाले विन्ध्य क्षेत्र के निवासियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है और ये प्रसन्नता की बात है कि यहाँ पर विन्ध्य की संस्कृति, परम्परा और विरासत को सहेजने का काम किया जा रहा है। पंचायत राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा है कि राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के विकास के लिये जो सामूहिक प्रयास किये जाते हैं उनके अच्छे परिणाम हमें और हमारी क्षेत्रीय जनता को मिलते हैं। इस मायने में हमारा विन्ध्य क्षेत्र और खासकर सीधी जिला इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है जहाँ सब लोग मिलकर विकास के कामों में रुचि लेते है। श्रीमती राधा सिंह मुख्य अतिथि एवम पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, कार्यक्रम के संयोजक बघेलखंड भवन के ट्रस्टी सचिव डॉ.कमलाकर सिंह रहें।

श्रीमती सिंह ने कहा कि वरिष्ठजनों की उपस्थिति मात्र से न केवल परिवार बल्कि हमारा समाज उत्साह और ऊर्जा से भर जाता है। जीवन में उनके अनुभव का लाभ हम सभी को मिलता है। आज ऐसे लोगों का सम्मान करते हुए मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ, मुझे इस बात की सुखद अनुभूति हो रही है कि राहुल भैया जैसे वरिष्ठ राजनीतिक व्यक्ति ने इस कार्यक्रम के लिए बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के मुझे मुख्य अतिथि के रूप में चुना।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज यहाँ जितने भी वरिष्ठ नागरिक आये हैं वो सभी अलग अलग विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, सभी के मन में विन्ध्य के विकास की एक ललक नौकरी में रहते हुए तो थी ही लेकिन आज भी है। सभी ने अपनी अपनी सीमा अधिकार और कार्यक्षेत्र में रहते हुए विन्ध्य के विकास में अपना योगदान दिया है। जिसे हम नकार नहीं सकते, यही कारण है कि आज हम सब मिलकर एक साथ बात कर रहे हैं। सभी के पास अपने अपने क्षेत्र का व्यापक तजुर्बा है और उसी का लाभ हम सभी को मिल रहा है। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है।

# अमिलिया पुलिस नें अवयस्क बालिका को जमशेदपुर से खोज कर परिजनों को सौंपा



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व मे एक वर्ष पूर्व लापता हुई किशोरी को विस्टुपुर प्रांत रांची से दस्तयाव कर विधिक कार्यवाही कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है।

विगत वर्ष एक परिजन द्वारा थाना अमिलिया मे आवेदन दिया गया था कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताये कही चली गई है। आवेदन पर मामला कायम कर किशोरी की पतासाजी की गई किन्तु उस समय कोई जानकारी ना मिल पाने से किशोरी दास्तायाब नहीं हो पाई। विगत दिवस पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि किशोरी रांची मे है। जिस पर थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय द्वारा तत्काल टीम गठित कर रवाना कि गई। टीम नें अविलम्ब रांची पहुँचकर विस्टुपुर प्रांत रांची से किशोरी को दस्तयाब कर थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। समस्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह बघेल एवं महिला आरक्षक संगीता बैस तथा साइबर सेल सीधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# केंद्रीय बजट किसान, युवा एवं आमजन विरोधी - कमलेश्वर पटेल



**सीधी।** केंद्रीय बजट बेहद निराशाजनक हैं ग़रीब, किसान और बेरोजगार के लिए इसमें कुछ नहीं है। भारत सरकार का बजट देश को ओर कर्जदार बनाने की दिशा में बढ़ता कदम है। उक्त विचार कांग्रेस कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति में कहीं। उन्होंने बताया कि शनिवार को पेश किया गया बजट देश की जनता की स्वीकृति के बिना ही ॠण पर ॠण लेकर जनता जनार्दन को कर्जदार बनाया जा रहा है। यह बजट आमजन को निराश करने वाला है।

# सभी को साथ में लेकर चलने वाला संतुलित बजट पेश : आलोक केशरी



सीधी। आलोक केशरी, अधिवक्ता आयकर एवं जीएसटी ने कहा कि 1 फरवरी 2025 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह आठवां बजट है जो कि वित्तीय वर्ष 2025/26 के बजट में एक तरफ मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए कई घोषणा की तो दूसरी तरफअगली पीढ़ी के सुधारों का खाका पेश किया गया। मध्यम वर्गीय टैक्स देने वाले कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आए को पूरी तरह से आयकर से छूट देने की घोषणा की साथ ही पुराने टैक्स स्लैब में बदलाव किया। बुजुर्गों को राहत देते हुए ब्याज की आमदनी में एक लाख तक टीडीएस नहीं काटे जाने का घोषणा किया। साथ ही ब्याज से होने वाली आमदनी बढ़ाकर 100000 तक कर मुक्त किया। उक्त बजट सभी को साथ में लेकर चलने के लिए दूरदर्शी एवं संतुलित बजट है। जिसका सर्वाधिक लाभ मध्यम वर्गीय करदाताओं को मिलेगा ऐसा ही कहा जा रहा है। 12 लाख से आमदनी ऊपर होने पर सीधे 60000 रुपए टैक्स इस मध्यम वर्गीय करदाता को देने पड़ेंगे। इस बात का जिक्र निर्मला सीतारमण ने नहीं किया।

# कोदो-कुटकी की खेती कर रहे किसानों को मिली सौगात



**सीधी।** सिहावल ब्लाक में आजीविका मिशन के द्वारा सिंहदेव महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के सहयोग से सदस्य मोबिलाइजेशन एक डिजिटल कमोडिटी कलेक्शन सेन्टर खोलने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ मिलेट की खेती कर रहे किसानो को बेहतर मूल्य दिलाना है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। साथ ही मिलेट एवं उससे बने उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही विंध्य आहार ब्रांड के तहत कोदो, कुटकी एवं सांवा जैसे पोषक अनाजों को सीधी जिला मुख्यालय स्थिति आजीविका मार्ट में विक्रय हेतु उपलब्ध कराने के लिए सिंहदेव महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।

# कांबिंग गस्त के दौरान 36 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सीधी । पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना चौकी के प्रभारियों के नेतृत्व में विगत रात्रि कालीन विशेष अभियान चलाकर 6 स्थाई वारंट एवं 30 गिरफ्तारी वारंट कुल 36 वारंट तमिल किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 22 गुण्डा बदमाश एवं 20 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या लूट डकैती मारपीट आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 36 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# भ्रम, भटकाव से युक्त दिशाहीन बजट : डॉ शिशिर मिश्रा



**सीधी।** डॉ शिशिर मिश्रा समाजसेवी ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट लोक लुभावन तो लगता है लेकिन इससे जनता को कुछ खास हासिल होने वाला नहीं है। बेलगाम महंगाई बढ़ाकर 12 लाख तक इनकम टैक्स में छूट देना एक हाँथ से लेना और दूसरे हॉथ से देना के मुहावरे को चरितार्थ करता है। कृषि उपकरणों में जीएसटी लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाना भी मजाक है। आईआईटी और मेडिकल कॉलेज की सीट बढ़ाने बस से काम नहीं चलेगा अभी भी जो कॉलेज खुले हैं वहां फैकल्टी की कमी है। भ्रष्टाचार देश से कैसे खत्म होगा इसका कोई ब्लूप्रिंट नहीं है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई से आम जनता त्रस्त है इसकी कोई कार्ययोजना बजट में नहीं है। कैंसर की दवाइयां सस्ती करने की बात कही गई है लेकिन कैंसर जैसी जैसी अन्य और घातक बीमारियों की रोकथाम कैसे हो इस विषय पर कोई बात नहीं है। देश की प्रति व्यक्ति आय कैसे बढ़े इस विषय पर कोई बात नहीं है। 80 करोड लोगों को 5 किलो अनाज से मुक्ति कब मिलेगी इसका कोई ब्लूप्रिंट नहीं है। कुल मिलाकर आंकड़ों की बाजीगरी करके, जनता को नशे में रखकर दिवास्वप्न दिखाने की कोशिश की गई है। कुल मिलाकर इंसान के अंदर आर्थिक समृद्धि के साथ खुशहाली कैसे आएगी सरकार के पास इसका कोई समाधान नहीं है जो आज सबसे बड़ी समस्या है।

# प्रमोद द्विवेदी को मिली पीएचडी की उपाधि, हुए सम्मानित



प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में कार्यरत संकाय सदस्य प्रमोद कुमार द्विवेदी को अवधेश प्रताप सिंह विष्वविद्यालय रीवा द्वारा कम्प्यूटर विज्ञान विषय में उनके शोध कार्य ष्स्टडी आफ मेट्रोलाजिकल फोरकास्टिंग यूजिंग डेटा माइनिंग टेक्निक्स फ ार क्राप यील्ड पोटेन्सियलष् के लिये पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

इस शोध कार्य में कम्प्यूटर विज्ञान के डेटा माइनिंग के टूल्स का यूज करके क्राप यील्ड प्रेडिकशन माडल तैयार किया गया है। इन्होने अपना शोध कार्य डा॰ प्रभात पाण्डेय पूर्व विषेष कर्तव्य अधिकारी कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग के निर्देशन में पूर्ण किया है। इनके द्वारा कई राष्ट्रीय शोध पत्र का प्रकाशन कराया गया है। इसका श्रेय इन्होने अपने शोध निर्देशक डा. प्रभात पाण्डेय के साथ.साथ अपने माता.पिता के आर्षीवाद एवं परिवार के सभी सदस्यों और मित्रों को दिया है। इनके इस उपलब्धि पर बडे भाई राम मोहन द्विवेदी एवं संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ.पी.के.सिंह, विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर विज्ञान विभाग डॉ. अरविन्द कुमार त्रिपाठी, डॉ. संजय द्विवेदी, डॉ. रामलला शर्मा, डॉ. आर.बी.एस.चौहान, डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. विनोद प्रजापति, डॉ.के.एस. नेताम, डॉ. सच्चिदानन्द तिवारी, डॉ. बृजेष सिंह, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ.धीरेन्द्र शुक्ला, मणिराज कोल, रामनरेश वर्मा एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई प्रेषित किया है। वहीं खुशी के पावन अवसर पर प्रमोद द्विवेदी को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा, प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी सहित अन्य गणमान्यजनो द्वारा पुष्प माला एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया।




# लश्करे ट्रस्ट की अनुकरणीय पहल : जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा में देंगे सहयोग

## माता-पिता के सपनो को साकार कर रहे डॉ. मनीष लश्करे

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
शिबू विश्वकर्मा



**बैतूल।** शिक्षा के महत्व को समझते हुए और समाज के जरूरतमंद बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लश्करे हास्पिटल चैरिटेबल एज्युकेशन प्रमोशन ट्रस्ट ने 72 गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की। ट्रस्ट का उद्देश्य उन बच्चों की सहायता करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण आवश्यक अध्ययन सामग्री नहीं खरीद पाते हैं। आज जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. धरमचंद लश्करे के जनमदिन पर इस ट्रस्ट का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल, विशिष्ट अतिथि आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में चयनित बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

**शब्दों में बयां नहीं कर सकते- खण्डेलवाल :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लश्करे हास्पिटल चैरिटेबल एज्युकेशन प्रमोशन ट्रस्ट के इस कार्य को शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। इस कार्य के पीछे जो भावना है वो समाज के लिए एक अच्छा संदेश देती है कि कोई बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित ना रह पाए। लश्करे परिवार के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को दी जा रही पाठ्य सामग्री और भविष्य में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता करना बहुत ही पुण्य का कार्य है।

**स्वास्थ्य सेवा में लश्करे परिवार का बड़ा योगदान- पंडाग्रे**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लश्करे परिवार का बैतूल के लिए बड़ा योगदान है। बैतूल जिले के सबसे पहले एम.एस डॉ. धरमचंद लश्करे थे और उन्होंने 1980 में बैतूल में पहला प्रायवेट हास्पिटल खोला था। इसके बाद उनके बेटे डॉ. मनीष लश्करे एम.डी आए और अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी चिकित्सा के क्षेत्र में बैतूल में सेवा देने आ रही है। लश्करे परिवार के द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए किया जा रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है।

**माता-पिता के सपने हो रहे साकार- डॉ. लश्करे :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लश्करे हास्पिटल चैरिटेबल एज्युकेशन प्रमोशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि एक ऐसा सपना जिसे मेरे पिता ने स्नेह और उद्देश्य से संजोया है। यह ट्रस्ट उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है। जहां हर बच्चे को चाहे उसकी पृष्ठ भूमि कुछ भी हो अपने सपनो को पूरा करने और अपनी क्षमता को हासिल करने का अवसर देगा। मैं अपने पिता की विरासत का सम्मान करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी महसूस करता है। उन्होंने अपना जीवन जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए समर्पित कर दिया। मेरा यह वादा है कि मैं उस काम को जारी रखूंगा।

**पहले साल में 72 बच्चे चयनित :** ट्रस्ट ने समाज से 6 वीं से 8 वीं कक्षा के बीच के ऐसे बच्चे चयनित किए जिनमें किसी की माता नहीं है तो किसी के पिता नहीं है और कोई गरीब बच्चा जिसने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं उनको पाठ्य सामग्री के रूप में बैग, कॉपियां, जोमेट्री बाक्स, टिफिन बॉक्स, स्कूल शू, पानी की बोतल वितरित की गई। डॉ. मनीष लश्करे ने बताया कि पहले साल 72 बच्चे चयनित किए गए हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य 6 वीं से कक्षा 10 वीं तक के बच्चों को पाठ्य सामग्री की मदद करना है। इसमें हर साल 30 नए बच्चे जोड़े जाएंगे।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित :** कार्यक्रम में लाभान्वित होने वाले बच्चे और उनके अभिावकों के अलावा गणमान्य नागरिकों में समाजसेवी मुकेश खण्डेलवाल, राजीव खण्डेलवाल, डॉ. नमिता लश्करे, डॉ. दीप साहू, डॉ. अजय जैन, श्रीमती ममता जैन, डॉ. अनुज लश्करे, डॉ. अंकुर लश्करे, प्रमोद अग्रवाल, अधिवक्ता भरतचंद राका, जिला औषधि संघ के अध्यक्ष मंजीत सिंह साहनी, डॉ. अरूण जयसिंहपुरे, देवेंद्र चंदू गोठी, विवेक तिवारी, प्रेमशंकर मालवीय, हेमंतचंद बबलू दुबे, डॉ. जयदीप पोपली, अतीत अग्रवाल, योगी खण्डेलवाल, आलोक मालवीय, प्रदीप खंडेलवाल,डॉ. अशोक मुले, निकुंज खंडेलवाल, नीलेश खंडेलवाल डॉ. मनीष अग्रवाल, राजा गोठी, तरूण वैद्य सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# परासिया विधायक ने वेकोली सीएमडी से की मुलाकात

## मथानी और मोहन कलारी कोई यथावत चलाने की मांग

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी



**छिंदवाड़ा (केसरिया हिंदुस्तान)** जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया के विधायक सोहन वाल्मीकि ने अपने श्रम संगठन के कुछ साथियों के साथ गुरुवार को नागपुर हेड क्वार्टर में सीएमडी से मुलाकात करते हुए कोयलांचल में बंद हो रही खदानों को लेकर चर्चा की ।

विदित हो कि हाल ही में भूमिगत मथनी खदान को लेकर उसे बंद करने के लिए प्रबंधन ने कार्रवाई करना शुरू कर दी थी इसी महीने की पहले वीक में मथनी भूमिगत खदान में रूप फाल होने से एक कामगार घायल हो चुका है और वर्तमान में उसकी स्थिति चलाने लायक नहीं है इसको लेकर प्रबंधन भूमिगत खदान को बंद करना चाहता है । किंतु श्रम संगठनों के प्रयास से उसे यथावत चलाए रखना के प्रयास किया जा रहे हैं इसके अंतर्गत विधायक सोहन वाल्मीकि ने डब्ल्यू सी एल के सीएम डी महोदय से मुलाकात कर पेंच कन्हान को लेकर चर्चा की गयी। जिसमे माथनी खदान को चालू रखने की मुख्यता से बात रखी गई। सी एम डी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया की पेंच की सर्वे टीम के साथ चर्चा कर उसके उपरांत खदान को चालू रखने की सारी संभावनाएं पर विचार के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। साथ में मोहन कॉलरी के बारे में जानकारी दी गई कि वन विभाग से अनापत्ति मिलने के बाद 3 से चार महीने में खदान चालू की जाएगी ।

नए डायरेक्टर पर्सनल से मुलाक़ात कर बड़कुही चिकित्सालय में डॉक्टरो की कमी को लेकर चर्चा की गई जहां जल्दी ही उनका दौरा पेंच में करने का आश्वासन दिया गया! परासिया से सोहन बनी विधायक के साथ पेंच क्षेत्र की टीम मनोज तिवारी,उदय प्रताप सिंह,जीतेंद्र प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।

# वीतराग भवन में लगा प्राकृतिक चिकित्सा शिविर



## वर्धमान प्राकृतिक चिकित्सा संस्था भिंड की सार्थक पहल

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन में वर्धमान प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान भिंड द्वारा तीन दिवसीय जैनोथैपी प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छिंदवाड़ा के साथ पूरे देश एवं लंदन, स्कॉटलैंड के शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया और प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वस्थ रहने की कला सीखी। शिविर में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन, डॉक्टर सुरेशचंद्र जैन भिंड, डॉक्टर चारु जैन एवं डॉक्टर राघवेंद्र जैन इंदौर के साथ अन्य चिकित्सकों सहित 100 से अधिक शिविरार्थियों ने स्वस्थ रहने की कला सीखी और जनमानस से प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने का अनुनय किया।

# साहू समाज की बैठक में निःशुल्क सामूहिक बिवाह होगें

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



जिला साहू समाज की बिशेष बैठक में 2 फरवरी 2025 को सिलवानी तहसील के ग्राम सियरमऊ के माँ कर्मा मंदिर परिसर में,कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर होगी बिशेष चर्चा हूई जिसमे मीडिया प्रभारी शिवकुमार साहू ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा रायसेन जिला साहू समाज के जिला अध्यक्ष बसंत साहू जी ओवेदुल्लागंज अध्यक्षता करेंगे। बैठक में विशेष रूप से मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के विवाह प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिवदयाल सिमरिया, तैलिक साहू सभा के प्रदेश सचिव हितेश साहू, जिले के सभी संरक्षक पूर्व जिलाध्यक्षगण,समस्त तहसीलों के तहसील अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और सभी जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**इन बिंदुओं पर की जाएगी चर्चा :** जिला साहू समाज समिति के महामंत्री चंद्रमोहन साहू एवं मीडिया प्रभारी पत्रकार रामगोपाल साहू ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से एजेंडा तैयार किया गया।

आप समस्त जिला कार्यकारिणी एवं स्थाई दान दाता सदस्य जिला साहू समाज, रायसेन (म.प्र.) सम्मानीय समाज बंधु, आपको नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ सूचित किया जाता है कि जिला साहू समाज समिति रायसेन की एक विशेष बैठक सियरमऊ में 02 फरवरी 2025 को आयोजित होना है। आप सभी सम्मानीय समाज बंधु बैठक में अपने बहुमूल्य सुझाव के साथ बैठक में पधारकर बैठक को सफल बनाएँ।

**बैठक -एजेंडा :** वर्ष 2025 को निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन,सियरमऊ में आयोजन किया जा रहा है इस संबंध में चर्चा।सामूहिक आदर्श विवाह सम्मलेन समिति का गठन के सम्बन्ध में चर्चा

**अन्य विषय पर चर्चा अध्यक्ष की अनुमति से :** इसमें होने बाले वर्ष 2025 के निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन के आयोजन के लिए जिला साहू समाज एवं सभी तहसील साहू समाज विचार-विमर्श कर सम्मेलन समिति का गठन कर कार्य योजना तैयार की जाएगी।

# आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन,बेगमगंज, बरेली की अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही



दिनाँक01 /02/25को कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन मैं श्रीमती वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर श्री सुदीप तोमर के नेतृत्व मे आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन ,बेगमगंज, बरेली व्रत की संयुक्त टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा गौहरगंज तहसील अंतर्गत ग्राम सोन्थर सोसाइटी,पड़ाव,कामतोंन कसिया, बिनेका बोरपनी, चिकलोद कला पर दबिश दी गयी जिसमे 14प्रकरण दर्ज हुए 8 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 150 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब 58 पाव प्लेन मदिरा, 11 बोतल बियर,45पाव अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई एवं लगभग 2200 द्मद्द महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 280458 रुपये है,कार्यवाही मैं आबकारी उपनिरीक्षक गौरव भद्रसेन , विवेक सक्सेना , मुकेश श्रीवास्तव शामिल रहे , कार्यवाही से शराब का अवैध व्यवसाय करने वालो मैं हड़कंप है पूर्व मे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही मैं सेमरी पंप हाउस,तामोट, सररई, सिन्धी केम्प, अर्जुन नगर ,मंडीदीप नया पुरा दिवतिया जैसे कच्ची शराब के विक्रय स्थलों पर बड़ी कार्यवाही की गई थी जिसमे कई सौ लीटर अवैध शराब एवं हजारो किलो महुआ लहान जब्त किया गया था इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन मैं कमी आएगी सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी

# शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न




केसर हिंदुस्तान दिनेश शर्मा

**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में युवा उत्सव एवं साहित्यिक सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान तथा आइक्यूएसी के संयोजन में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना के मार्गदर्शन में प्रथम दिवस क्रीड़ा संबंधी एवं द्वितीय दिवस सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में व सी.एम. राइज स्कूल झारड़ा के शारीरिक शिक्षक लखन आंजना के सहयोग से क्रीडा संबंधी गतिविधियों में 100 मीटर दौड़-200 मीटर दौड़, गोला फेंक, कबड्डी, रस्सी कूद एवं क्रिकेट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ घनश्याम सिंह सहायक प्राध्यापक के निर्देशन में साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, वाद विवाद, रंगोली एवं सुगम संगीत(एकल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र - छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ वाय.के. मुखिया, विशिष्ट अतिथि वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. पदम सिंह पटेल, जनभागीदारी अध्यक्ष विमल कुमार मेहता उपस्थित रहे। डॉ मुखिया ने स्नेह सम्मेलन की बधाई देते हुए कहा कि खेल व ललित कलाएं अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का सर्वोत्तम माध्यम होती है। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्याम सिंह ने किया एवं आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने माना।

# जिला समन्वय परियोजना अधिकारी द्वारा खाना बनाने वाली अर्चना जाटव के साथ की अश्लील हरकत



## प्रशासनिक अधिकारी लगे हैं शर्मा को बचाने में

गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट
जिला ब्यूरो भिंड

भिंड जिले की गोहद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम एंडोरी कस्तूरबा गांधी छात्रावास में पदस्थ अर्चना जाटव सहायक रसोईया के पद पर कार्यरत महिला के साथ जिला समन्वयक अधिकारी ब्यौमेश शर्मा द्वारा दिनांक 23 12 24 को सुबह लगभग 9-30 बजे डी पी सी छात्रावास परिसर पहुंचे वहां उन्होंने खाना बनाने वाली अर्चना जाटव को अश्लील निगाहों से देखते हुए कहा की तुम यहां क्या करती हो तो उसने बताया कि मैं यहां सहायक रसोईया पद पर कार्य करते हैं फिर उन्होंने पूछा कि तुम्हारे कितने बच्चे हैं तो उसने कहा चार बच्चे हैं उसके बाद अधिकारी द्वारा कहा गया कि तुम तो बहुत सुंदर हो तुम्हें यह कार्य शोभा नहीं देता तुम तो मेरे ऑफिस या घर पर आना तो मैं तुम्हें बड़ी नौकरी दिलवा दूंगा और कंधे पर हाथ रखकर अश्लील हरकत भी की जिसकी शिकायत अर्चना जाटव द्वारा वार्डन अधिकारी से की गई इतना कुछ देखते हुए शर्मा जी वहां से अपना वाहन लेकर निकल पड़े जब फरियादी ने थाना एंडोरी में शिकायती आवेदन दिया उसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर महोदय को आवेदन से अवगत कराया उसके बाद भी पीड़ित महिला को कोई न्याय न मिल सका जल्दी होगा पूरा खुलासा

# कैरियर मैला सम्पन्न

केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



**महिदपुर।** शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में कैरियर मेला आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं समस्त संकाय के छात्रों को विषय संबंधित जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम में कैरियर मार्गदर्शन के रूप में डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद जैन एवं श्रीमती जैन, थाना प्रभारी महिदपुर राजीव सिंह गुर्जर एवं पूर्व छात्र डॉ माधव शर्मा ने अपने-अपने उद्बोधन में बच्चों को उच्च शिक्षा, आर्मी, पुलिस ,मेडिकल लाइन, न्याय विभाग और वकालत, कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां अतिथियों द्वारा दी गई। विद्यालय के शिक्षक इरफान मोहम्मद, नितिन पाटीदार, मनोज मोडक, दिव्या होलकर ने भी छात्रों को संबोधित किया। केरियर मेले में विषय संबंधित स्टॉल लगाकर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य किशोर परमार ने सभी अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत कर स्वागत परिचय दिया। समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के पश्चात छात्रों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी राजेश कमलकर ने किया।

# दिनदहाड़े महिला के गले से मंगलसूत्र लूटने वाला अपराधी पुलिस की गिरफ्त में

## अपराधियों के रिकॉर्ड संबंधित पुस्तिका के जरिए पुलिस को अपराधी को पकड़ने में मिली सफलता

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

अलीराजपुर। विगत 27 जनवरी को आम्बुआ में दिनदहाड़े महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र लूटने वाले आलीराजपुर के हिस्ट्रीशीटर अपराधी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। जिसका खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम आलीराजपुर में एडिशनल एसपी प्रदीप पटेल ने प्रेस वार्ता कर किया। उन्होंने बताया कि एसपी राजेश व्यास ने निर्देशन में पुलिस ने जिले के अपराधियों के पिछले दस वर्षों के रिकॉर्ड को संकलित कर एक पुस्तिका बनाई जिसका विमोचन एसपी राजेश व्यास ने गत 29 जनवरी को पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण जोन इंदौर निमिष अग्रवाल के हाथों से करवाया था। इसी पुस्तिका की सहायता से पुलिस आरोपी तक पहुंची। उन्होंने बताया कि घटना दिनांक 27 जनवरी को आम्बुआ में एक अज्ञात मोटर सायकल बदमाश ने दिन दहाड़े किसी व्यक्ति का पता पुछने के बहाने महिला का ध्यान भटकाकर उसके गले मे पहना मंगलसुत्र छीन कर फरार हो गया था। फरियादीया की रिपोर्ट पर थाना आम्बुआ में अज्ञात मोटर सायकल सवार बदमाश के विरुध्द अपराध क्र. 25/2025 धारा 304(2) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर राजेश व्यास द्वारा घटना को गंभीरता से लेकर तत्काल एडिशनल एसपी प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी जोबट नीरज नामदेव को अज्ञात आरोपी को गिरफ़्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी आम्बुआ मोहन डावर द्वारा घटना दिनांक से ही अज्ञात बदमाश की तलाश हेतु टीम बनाकर कस्बा आम्बुआ में लगे सीसीटीवी केमरे खंगालना शुरु किये तथा आलीराजपुर पुलिस द्वारा चोरी/लूट संबंधी अपराधियों का 10 वर्ष का डाटा संकलित कर बुकलेट तैयार की गई थी, बुकलेट का विमोचन पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण जोन




इंदौर द्वारा जोनस्?तर पर किया गया था। विमोचित पुस्तिका के टॉप 30 अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालना प्रारंभ किया तो पाया कि बुकलेट के पृष्ठ क्रमांक 7 पर उल्लेखित अपराधी का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में आए हुए अपराधी से मैच होने पर पुलिस टीम ने उक्त अपराधी के बारे में थाना आलीराजपुर से जानकारी प्राप्?त कर अज्ञात लूट के आरोपी को मात्र 04 दिन में पकड़नें मे सफलता प्राप्?त कर ली। लूट के आरोपी की पहचान सलमान पिता सरफुद्दीन मकरानी उम्र 33 साल रणछोड़राय मार्ग मुर्गी बाजार आलीराजपुर के रूप में हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना स्?वीकार की गई। आरोपी के कब्?जे से लुटे गये मंगलसुत्र सोने का पेंडिल एवं 8 सोने के मोती कीमत लगभग 33 हजार रूपये का जप्त किया गया तथा आरोपी सलमान से थाना आम्बुआ के अन्य संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के बारे मे सख्ती से पुछताछ करने पर आरोपी सलमान द्वारा थाना आम्बुआ के अप.क्र. 226/2024 धारा 305, 331(4) बी.एन.एस. में भी एक सोने की चेन, सोने के कान के टाप्स व नगदी 20000 रुपये, अन्य साथीयो के साथ चोरी करना कबुल किया है। आरोपी सलमान द्वारा हाल ही में थाना राणापुर जिला झाबुआ में भी मंगलसुत्र लूटना कबुल किया गया। आरोपी बदमाश सलमान के विरुध्द थाना आलीराजपुर मे 06 थाना कुक्षी जिला धार मे 02, थाना रानापुर जिला झाबुआ मे 01 एवं थाना गरबाडा दाहोद गुजरात मे 01 अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा उक्त आरोपी को पकड़ने में संपूर्ण पुलिस टीम की सराहना की गई तथा पूरी टीम को प्रथक से पुरस्कृत करने की भी घोषणा भी की गई। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी मोहनसिंह डावर, सउनि. विजय वर्मा, सउनि. कालुसिंह अलावा, सउनि. समीर खान, जुवानसिंह, गिरधारी, दिलीप, अरूण, राकेश मोरी, राकेश सिंगाड़, जेराम डावर आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# फिल्मी स्टाइल में दो अंधे मकान को रेकी कर अपने साथी के साथ मिलकर करते थे चोरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

**दमोह/गैसाबाद**- दमोह जिले की गैसाबाद थाना पुलिस ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो आरोपी आंशिक रूप से अंधे हैं और इन्हें थोड़ा दिखाई देता है। फिल्मी अंदाज में इन दो अंधों की मदद से तीसरा आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देता था। क्षेत्र के हिनौता कला में एक माह पूर्व हुई चोरी की घटना में शुक्रवार को जब यह तीन आरोपी पकड़े गए तब इस मामले का खुलासा हुआ।

चोरी भले बिल्कुल छोटी है, लेकिन यह घटना साल 2002 में आई अमिताभ बच्चन की फिल्म आंखे की याद ताजा करती है। जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और अर्जुन रामपाल तीनों लोग अंधे थे। अमिताभ के प्लान के अनुसार तीनों ने मिलकर बैंक में एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम




दिया था। बिल्कुल इसी फिल्म की तर्ज पर यह दो आंशिक अंधे आरोपी अपने तीसरे साथी के साथ मिलकर मकान की रेकी करते थे और इसके बाद उस घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। गैसाबाद थाना प्रभारी प्रीति पांडेय ने बताया कि हिनौता कलां के देवशंकर पाठक के सूने मकान में 16500 रुपए की चोरी हुई थी। जिसके बाद अज्ञात आरोपियों पर धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोपियों की तलाश शुरू की गई और सागर जिले के खुरई निवासी पूरन अहिरवार को गिरफ्तार किया गया। जिसने बताया कि बृजेश प्रजापति और पुन्नू प्रजापति निवासी हिनौता जो आंशिक अंधे हैं, उनसे आसपास के क्षेत्र में रैकी कराते और सूने घरों की जानकारी एकत्रित करते थे। तीनों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी पुन्नू प्रजापति से 6900 रुपए जब्त किए शेष राशि खर्च कर ली गई। बताया गया कि आरोपी ब्रजेश व पुन्नू रैकी करते थे। ये दोनों आंशिक रूप से अंधे हैं इन्हें 20 प्रतिशत दिखता है। मुख्य आरोपी पूरन अहिरवार इन दोनों अंधों की मदद से चोरी किया करता था जिससे किसी को भी शक न हो।

# जिस हैंडपंप में जहर डाला उसे कलेक्टर ने बंद कराया, गांव में कोई नल चालू नहीं, कैसे बुझेगी प्यास?

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

**दमोह/जबेरा**- दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के गुबरा गांव में जिस हैंडपंप में अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहरीली दवा मिलाई गई थी, उसे कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई विभाग ने बंद कर दिया है। जिससे उसका पानी पीकर लोगों को कोई समस्या न हो। लेकिन, समस्या यह है कि गांव में दूसरा कोई हैंडपंप चालू नहीं है। केवल एक ही हैंडपंप चालू था, जिसे जहरीली दवा मिलने के कारण बंद कर दिया गया है। हालांकि, गांव में सतधरू योजना की पाइपलाइन है, लेकिन वह भी आधे गांव तक ही बिछी है। ऐसे में लोगों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया है।

**यह है पूरा मामला:** बता दें कि 29 जनवरी को गुबरा गांव में खुदे हैंडपंप में किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहरीली दवा डालकर पानी को दूषित कर दिया था। सुबह-सुबह एक युवक ने हैंडपंप के पानी से कुल्ला किया तो बेहोश हो गया, तब इस घटना की जानकारी लगी।अगर, वह युवक हैंडपंप पर कुल्ला न करता, तो आधे से अधिक गांव के लोग उसी हैंडपंप से पानी भरकर घर ले जाते, जिससे हालात और भी बिगड़ सकते थे। पीएचई विभाग ने पानी का सैंपल लिया था, जिसके बाद शुक्रवार को विभाग ने



बोर का पूरा पानी बाहर निकाला। जांच रिपोर्ट में पानी में बदबू पाई गई थी। इसलिए, कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हैंडपंप में नई लाइन डालने पर रोक लगा दी और उसे तत्काल बंद करने के निर्देश पीएचई विभाग को दिए। पुलिस अभी तक उस अज्ञात व्यक्ति की पहचान नहीं कर पाई है, जिसने हैंडपंप के पानी में जहरीली दवा डाली थी। इसी कारण कलेक्टर ने दमोह पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर आरोपी की तलाश करने के निर्देश दिए हैं।

**हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं:** जानकारी के अनुसार, गुबरा हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं है, इसलिए इसे तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी को पत्र लिखकर कहा गया है कि ग्राम गुबराकला में सार्वजनिक हैंडपंप में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कीटनाशक दवा डाल दी गई थी, जिससे पानी जहरीला हो गया। यह स्पष्ट होता है कि किसी व्यक्ति ने अपराध कारित कर निर्दोष लोगों की जान से खिलवाड़ करने के उद्देश्य से यह घटना की है।

विस्तृत जांच कराते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी संबंधित गांव में पहुंचकर सभी हैंडपंपों का निरीक्षण कर चुके हैं। निरीक्षण के बाद प्रभावित हैंडपंप को बंद कर दिया गया है।

**पानी के लिए परेशान पूरा गांव:** ग्राम गुबरा में कुल छह हैंडपंप हैं, लेकिन पांच पहले से ही बंद पड़े हैं। केवल एक ही हैंडपंप चालू था, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने जहरीली दवा डाल दी, और अब उसे भी कलेक्टर ने बंद करने के निर्देश दे दिए। इस स्थिति में गांव में पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि अब गांव के लोग नदियों या कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं। गांव के बाकी हैंडपंप पहले से ही बंद हैं और सतधरू योजना से पानी कभी-कभार ही आता है, वह भी अभी पूरे गांव में नहीं पहुंचा है। बगदरी सरपंच प्रतिनिधि नोनेलाल अहिरवार ने बताया कि गांव के लोग पीने का पानी उसी हैंडपंप से भरते थे, जिसे अब बंद कर दिया गया है। बाकी सभी हैंडपंप पहले से ही खराब पड़े हैं। पेयजल योजना की पाइपलाइन भी अभी आधे गांव तक ही बिछाई गई है।

**प्रशासन का क्या कहना है?** : तेंदूखेड़ा पीएचई विभाग के स्टोर कीपर यूएस कुशवाहा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर गुबरा गांव के बरिया वाले हैंडपंप को बंद किया गया है। पानी का सैंपल लेकर दोबारा सागर भेजा गया है। यदि, रिपोर्ट में पानी साफ मिलता है, तो कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा और आगे के निर्देशों के अनुसार कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुबरा में दो हैंडपंप चालू थे, जिनमें से एक बंद हो गया है। यदि, दूसरा भी बंद हो गया है तो मैं इसकी जानकारी लेता हूं। पीएचई विभाग के ई. गंगा सिंह रावत ने कहा कि यदि गांव में बाकी हैंडपंप बंद पड़े हैं, तो उन्हें जल्द ही सुधारकर चालू किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन अपनी तरफ से हरसंभव प्रयास करेगा।

# मुख्यमंत्री यादव की शराबबंदी घोषणा पर आइज़ा ने जैन तीर्थो को भी शराबबंदी एवं मांसाहार मुक्त करने की मांग की

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

**जावरा** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने प्रदेश के 17 शहरों में शराबबंदी की जो घोषणा की है उसका देश भर के संपूर्ण जैन समाज के साथ-साथ आल इंडिया जैन जनरलिस्ट एसोसिएशन (आइजा )के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हार्दिक हुंडिया एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफ़ना ने हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए शराबबंदी के इस कदम को सामाजिक जागरूकता की दिशा में यशस्वी मुख्यमंत्री का साहसिक कदम हे इन 17 शहरों को शराब बंदी के साथ जैन तीर्थों मे भी शराबबंदी एवं मांसाहार से भी मुक्त करके जैन तीर्थ को पवित्र तीर्थ बनाये जाने की मांग की है, जिससे धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जा





सके द्य मुख्यमंत्री जी से पूरा विश्वास हे कि वो इस दिशा मे उचित निर्णय लेंगे जिसका जैन समाज हमेशा उनका ऋणी रहेगा

आईजा मध्यप्रदेश के महासचिव दीपक दुग्गड ने बताया कि दिनांक 27 जनवरी को संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की डिजिटल बैठक में उक्त मांग अखिल भारतीय स्तर पर जैन समाज की ओर से किये जाने का निर्णय लिया है । इस संदर्भ में आइजा का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से उनके विदेश यात्रा के बाद मिलकर मांग पत्र प्रस्तुत करेगा ।

उक्त संदर्भ में आल इंडिया जैन जनरलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) की ओर से राष्ट्रीय सलाहकार पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, आईजा सन्देश के प्रधान संपादक प्रदीप जैन, मुख्यपरामर्शदाता प्रवीण खारीवाल,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पवन नाहर, राजकुमार हरण, रमेश धारीवाल, राजेंद्र सक्लेचा, राजेंद्र लोढ़ा,अभय भैया,सुरेंद्र ललवानी,अंकित जैन,नितेश जैन, पंकज जैन, रिंकेश जैन,जीतेन्द्र सुराणा, राजीव सेनानी,उमेश जैन, अटल राजेंद्र जैन, सुनील नाहर अखिलेश जैन,आशीष जैन,महावीर जैन, अनूप भंडारी,अनिल लोढ़ा, अशोक पोखरना, हेमंत जैन,मनोज जैन अजय पाटनी आदि ने अपने-अपने जिलों में आईजा की जिलाकार्यकारणी को शासन को ज्ञापन देने का अनुरोध किया है ।

# खनिज एम-सेण्ड, मुरम, गिट्टी का अवैध परिवहन, उत्खनन,भण्डारण करने पर 10 वाहन जप्त

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

धार, एक फरवरी कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एवं खनि अधिकारी आर. के. कनेरिया के नेतृत्व में सहायक खनि अधिकारी जगनसिंह भिण्डे, खनि निरीक्षक संदेश पिपलोदिया, खनि निरीक्षक रमेश सोलंकी द्वारा मय खनिज टीम द्वारा गुरुवार, शुक्रवार को ग्राम सादलपुर, बदनावर, राजोद, सागोर से खनिज



एम-सेण्ड, मुरम, गिट्टी का अवैध परिवहन, उत्खनन, भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए 10 वाहनो को जप्त कर पुलिस थाना बदनावर मे 3 डम्पर, पुलिस थाना राजोद में 1 डम्पर, पुलिस थाना सागोर में 2 डम्पर तथा 4 डम्पर को पुलिस थाना सादलपुर की अभिरक्षा में खडे किये गये है। इन वाहनो के मालिको,चालको के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियमो के तहत अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है।

# बड़ावदा में हुआ कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

सी एम राइज़ शा उ मा वि बड़ावदा संकुल में कॅरियर मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ प्राचार्य गोविंद सिंह मालीवाड़ ने फीता काट कर किया। 10वी एवं 12वी के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेले में अलग अलग संकाय के स्टॉल लगाएं गए। सभी पर विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। भविष्य में आप क्या बनना चाहते है उस के लिये आप को कौनसा विषय लेना होगा। इसके लिए स्टाल प्रभारियों ने अपने अपने संकाय की जानकारी निम्नानुसार प्रदान की। (1)कला संकाय -अंतिम मोर्य,हंसा बघेल। (2)वाणिज्य संकाय- ज़ाहिद शाह खान,मुकेश बैरागी।(3)जीव विज्ञान-अकील एहमद पठान,महेश पाटीदार।(4) गणित-असीम श्रोत्रिय,घनश्याम पाटीदार।(5)आई.टी.





- ईश्वरलाल परमार,मोहन लाल सोनारतिया।(6)एग्रीकल्चर शान्तिलाल झाला । इसके बाद सभा कक्ष में अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन के लिये अलग अलग विभागों के विशेषज्ञों के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। डॉ दुष्यन्त भदौरिया एवं डॉ नारायण पाटीदार सहायक प्राध्यापक भगत सिंह कॉलेज जावरा,

तुरसिंह डावर ञ्द्व थाना बड़ावदा,अमित यादव शाखा प्रबंधक सैंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया बड़ावदा,नीलेश अजमेरा चार्टेट अकाउंट (ष्ट) आदि ने अपने अपने क्षेत्रों में कैसे सफलता प्राप्त करे। कितना खर्च आएगा,कहां कोचिंग मिलेगी आदि विस्तार पूर्वक बताया।

आभार प्रहलाद पाटीदार ने माना। कार्यक्रम का संचालन कॅरियर मार्गदर्शन के प्रभारी कृष्णपाल त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को बताये गए वर्तमान समय में प्रचलित विभिन्न प्रकार के सायबर अपराध के तरीके व उनसे बचाव के उपाय

प्रवीण गौतम दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

*मैहर- साईबर अपराधों की रोकथाम एवं जन जागरूकता हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 01/02/25 से 11/02/25 तक सायबर सुरक्षा अभियान (सेफ क्लिक) आरंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवम नगर पुलिस अधीक्षक मैहर श्री राजीव पाठक व एसडीओपी अमरपाटन श्री एसके सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय मैहर एवं देहात के थानों द्वारा विभिन्न स्कूल/कॉलेजों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।

सेफ क्लिक अभियान के तहत जिला मैहर के स्वामी विवेकानंद



कॉलेज व नेहरु सैंचुरी स्कूल मैहर में सार्वजनिक संवाद कार्यक्रम अयोजित किया गया। इसी प्रकार थाना प्रभारी अमरपाटन द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल अमरपाटन , थाना अमदरा पुलिस द्वारा मां दुर्गा शिक्षा निकेतन विधालय घुनवारा ,शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झुकेही व ग्राम घुनवारा स्थित मेला , थाना ताला पुलिस द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मुकुंदपुर में सार्वजनिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये।

अभियान के तहत छात्र ङ्क छात्राओं एवम आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सायबर अपराधों की जानकारी व उनसे बचाव के उपाय एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया । कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक करने के संभावित खतरे, एपीके फाईल , वैडिंग इन्विटेशन फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, अंजान नंबरों से आने वाले आपत्तिजनक वीडियो कॉल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । एवं साईबर अपराधों से बचाव हेतु क्या करें और क्या न करें संबंधी पंपलेट वितरित किये गए । व सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

स्वामी विवेकानन्द कॉलेज मैहर के छात्र छात्राओं द्वारा पूर्व में उनके पास इस प्रकार के फ्रॉड कॉल आने के कारण अंजान नंबरों पर पैसे ट्रांसफर किये जाने एवं आपत्तिजनक वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेलिंग के अपने अनुभव साझा किये गए व अभियान को गति प्रदान करने में मैहर पुलिस का सहयोग करने की बात कही गई।

# छिंदवाड़ा (चौरई) पुलिस द्वारा नवेगांव जघन्य अंधे कत्ल के आरोपियों को भेजा जेल

**संबाददाता मारुतीलाल विश्वकर्मा**

मामला दिनांक 15/01/25 को सूचना मिली कि ग्राम नवेगांव मकरिया जंगल में एक अज्ञात पुरुष उम्र 30-25 वर्ष का संदिग्ध मृत अवस्था में पड़ा हुआ है कि सूचना पर मौके पर पहुंचकर अज्ञात मृतक पुरुष के शव का निरीक्षण किया गया। अज्ञात मृतक पुरुष की कमर के ऊपर हिस्सा जला हुआ एवं सीना में गहरे घाव के निशान जो प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किसी ठोस वस्तु से मारपीट कर गंभौर बोट पहुंचाकर हत्या की गयी है, सूचनाकर्ता सुनील यादव की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मूलक के शव की जांच पंचनामा कार्यवाही, पी.एम. कराया गया। मृतक का शव संदिग्ध अवस्था में पाये जाने से भौतिक साक्ष्य के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप. क्र. 50/25 धारा 103 (1), 238, बीएनएस का प्रकरण पंजीबाद कर विवेचना में लिया गया।

घटना क्रम :- दिनांक 15/01/25 को अज्ञात मृतक पुरुष उम्र करीबन 20-25 वर्ष की लाश नवेगांव जंगल में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घटना स्थल पर रवाना होकर शम का निरीक्षण करने पर शब का बेहरा एवं पेट का हिस्सा पेट्रोल डालकर जला देना एवं सोने पर धारदार हथियार से गंभीर चोट का निशान होना पाया गया जो प्रथम दृष्टया हत्या होना प्रतीत पाये जाने से एफएसएल टीम, डाग स्काड, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ, सायबर क्राईम यूनिट के माध्यम से पटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करने पर मृतक के पहने हुये जैकेट, जसी शर्ट एवं बीस के जेब में एक अधजली समाप्त के अलावा किसी प्रकार की कतावेज, मोबाईल नही मिले जिससे की मृतक की शिनाख्त हो सके। मृतक की शिनाख्त के संबंध में पटना स्थल के आसपास खेतो में काम करने वाले किसानों से एवं पटना स्थल के नजदीक बाले सभी सीसीटीव्ही कैमरो को बारीकी से खंगाल कर देखा गया। जिला छिंदवाडा एवं सीमावर्ती जिलो में अज्ञात मृतक पुरुष की तलाश के संबंध में सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा हुये पुरुष उम्र 20-30 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति का संबंधित थाना से हलिया के आधार पर तस्दीक की गयी। मृतक के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। अज्ञात मृतक पुरूष की पहनान के संबंध में तकनीकी संसाधनों से ज्ञात हुआ कि महाराष्ट्र प्रांत के जिला नागपुर अंतर्गत भाना एमआईडीसी में उक्त हुलिया के पुरूष की गुमशुदगी दिनांक 21/01/25 को दर्ज हुई हैं जो मृतक के परिजनों के मोबाईल नंबर प्राप्त कर मृतक के पहने हुये कपड़े, जूते, हाथ का कड़ा, गले में काला धागा का लॉकेट के बारे में अवगत कराने पर परिजनों ने मृतक की पहचान



हेमराज पिता सतीश पवार उम्र 20 साल का विगत 04 माह से बानाडोगरी हिंगणा रोड नागपुर में रह कर मार्केटिंग का काम करता था जो मूल रूप से परागपुरा वीरतेजा जी नगर थाना परागपुरा जिला कोटपुतली (राजस्थान) का रहने वाला, जो उसी कर्षनी में चौरई थाना क्षेत्र की करिश्मा (परिवर्तित नाम) एवं अंकित वर्मा निवासी पाल्हरी का भी साथ में काम करते थे। काम के दौरान हेमराज पवार एवं करिश्मा में नजदीकिया बढ़ने से यह बात पूर्व प्रेमी अंकित वर्मा को खटकने लगी थी जो अंक्ति वर्मा ने दिनांक 12/01/25 को हेमराज को नागपुर से छिंदवाडा घुमाने के लिये बुलाया, (मुतक) हेमराज को अपने साधी रविशंकर धुर्वे के बर्थ-डे कार्यक्रम में छिंदवाडा से ग्राम बंधी बुलाया और बर्थ-डे कार्यक्रम मनाने के बाद अंकित वर्मा ने योजना बनाया कि आज हेमराज को मारना हैं जो अंकित वर्मा ने अपने साधी विनोद धुर्वे, रविशंकर धुर्वे के साथ हेमराज को ग्राम बंधी से मोटर साईकिल में बिठाकर नवेगांव मक्करिया जंगल के अंदर ले जाकर तीनों ने हाथ, पत्थर और चाकू से मारकर हत्या कर दिये, रविशंकर ने हेमराज की छाती में चाकू से सात-आठ घाव मारा और साक्ष्य छुपाने की नियत से मृतक के शरीर के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाकर वहां से भाग गये। आरोपीगणों के द्वारा उक्त घटना स्वीकार करने पर आरोपीगणो से मोटर साईकिल, चाकू, मृतक का पर्स जाम किया गया। प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर धारा 61(2), बीएनएस 25 आर्म्स एक्ट बढ़ायी गयी है। प्रकरण में आरोपी अंकित वर्मा, विनोद धुर्वे, रविशंकर धुर्वे को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर वारंट बनने पर जेल भेजा गया है।

**जप्त संपति**

1. मोटर साईकिल क्रमांक एमएच-28-एमएच-1236
2. एक लोहे का धारदार चाकू

(1) अंकित वर्मा पिता विलसराम वर्मा उम्र 22 साल,

(2) विनोद पिता तुलसीराम धुर्वे उम्र 20 साल,

(3) रविशंकर पिता परमाल धुर्वे उम्र 25 साल

तीनो निवासी बंधी (पाल्हरी) थाना चौरई

महत्वपूर्ण भूमिका एसडीओपी सौरव तिवारी, निरीक्षक गनपत सिंह उईके, उ.नि.लता मेश्राम, महेन्द्र भगत थाना प्रभारी चांद, सउनि हिरैशी नागेश्वर, सउनि शरद मालवी, प्र.आर. गोपाल साहू, आर. सतीश बमेल, योगेश मालवी, सूर्योदय बघेल, कन्हैया सनोडिया, राजपाल बघेल एवं सायबर सेल नितिन सिंह आदित्य रघुवंशी, अंकित शर्मा की सराहनीय भूमिका रही

# सीनियर बालिका अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पचोर में दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ



**बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो राजगढ़**

**राजगढ** - सीनियर बालिका अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, पचोर में शनिवार शाम 12वीं की छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य स्वतंत्र प्रभार मंत्री गौतम टेटवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा- यह दीक्षांत नहीं बल्कि उच्च शिक्षा की शुरुआत है। उन्होंने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा- शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है।छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। एक छात्रा ने कहा-शुरुआत में घर से दूर रहने पर अकेलापन महसूस होता है, लेकिन यहां की शिक्षिकाएं और छात्राएं परिवार जैसा माहौल देती हैं। उन्होंने कहा कि यहां का मार्गदर्शन उनके भविष्य को संवारने में मदद करता है। नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने छात्रावास की बेहतरीन व्यवस्थाओं की सराहना की समारोह में उपस्थित भाजपा नेता निर्मल जैन तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव जिला समन्वयक निशा जैन दामोदर लहरी बबीता जूलानिया नीलम सक्सैना रघुराज राणा नीलेश वर्मा एवम् सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर द्वारा निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का अवलोकन

## फिनिशिंग कार्य पूर्ण कर हैंडओवर की प्रक्रिया करें-डीएम

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज नागदा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का अवलोकन कर निर्माण एजेन्सी ब्रिज एण्ड रूफ के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रभारी एसडीएम श्री संजय जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय शाक्य, नोडल अधिकारी मेडिकल कॉलेज डॉ अंजना निरंजन, तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग, डीपीसी डॉ पीएस गोयल सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं मेडिकल कॉलेज की फेकल्टी के सदस्य उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा इस दौरान मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन अकादमिक, मेडिकल, प्रशासनिक, रेजिडेंशियल ब्लॉक तथा हॉस्टलस के भवनो का अवलोकन किया गया। उन्होने निर्देश दिये कि फिनिशिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाये तथा अतिरिक्त संसाधन लगाकर शीघ्रता से कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। मेडिकल कॉलेज की बाउन्ड्री का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, शेष बचे कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उन्होने मेडिकल कॉलेज को इसी सत्र से शुरू किये जाने के लिए सभी प्रक्रियाएं तीव्र गति से कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी डॉ अंजना निरंजन को निर्देशित किया गया। नर्सिंग कॉलेज के लिए कैम्पस के बाहर अलग से 5 हेक्टयर भूमि की आवश्यकता के लिए पोर्टल पर आवेदन करने के निर्देश भी दिये गये।

निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फिनिशिंग और ग्राउंडस रोड, लाईट, पेबर ब्लॉक का कार्य चल रहा है, जिसे जल्द से जल्द पूरा कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि नागदा में 258 करोड रूपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके लिए पूर्व में 10 हेक्टयर भूमि उपलब्ध कराई गई थी। इसके उपरांत 5 हेक्टयर भूमि का आवंटन अलग से किया गया है। इस प्रकार कुल 15 हेक्टयर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है।

# रीवा की विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने हत्या के प्रकरण में 03 वर्ष से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया




**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरी हिंदुस्तान**

पुलिस अधीक्षक रीवा, विवेक सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा सिटी, अनिल कुमार सोनकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी0 हितेन्द्रनाथ शर्मा व उनकी पुलिस टीम द्वारा रीवा जिले के विभिन्न थाना में दहाई के संख्या में पंजीबद्ध अपराधो के आरोपी व थाना विश्विद्यालय के अपराध क्रमांक 148/2022 धारा 302, 201, 394 भादवि में 03 वर्ष से फरार 5000/- रुपये के ईनामी स्थायी वारंटी रोहित जायसवाल पिता अमृतलाल जायसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी रुझऊ थाना नईगढी जिला मऊगंज हाल पता पीएम आवास ब्लाक जी-15 कमरा नम्वर 208 बिछिया थाना बिछिया जिला रीवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी: रोहित जायसवाल पिता अमृतलाल जायसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी रुझऊ थाना नईगढी जिला मऊगंज हाल पता पीएम आवास ब्लाक जी-15 कमरा नम्वर 208 बिछिया थाना बिछिया जिला रीवा

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी0 हितेन्द्र नाथ शर्मा, प्रआर. 256 रामराज चौबे, प्रआर. 792 अरुण कुमार चौबे, आर.997 लक्ष्मण अहिरवार, आर. 1071 राजभान सिंह, आर. 424 मोहम्मद जावेद खान, आर. 262 अनन्त शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

# इंटरनेट सुरक्षा हेतु विशेष अभियान सेफ क्लिक अभियान का शुभारंभ

**बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो राजगढ़**

**राजगढ** - मध्यप्रदेश पुलिस के निर्देशानुसार, सेफ इंटरनेट दिवस के उपलक्ष्य में 11 फरवरी तक सायबर सुरक्षा जागरूकता ङ्क सेफ क्लिक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं इंटरनेट सुरक्षा से संबंधित जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के पहले दिन राजगढ़ जिले में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में साइबर अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा उपायों पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों और साइबर सेल के विशेषज्ञों ने साइबर अपराधों की प्रकृति, उनसे बचाव के उपायों तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी।

**जागरूकता अभियान के मुख्य बिंदु**

- साइबर अपराधों की पहचान और रोकथाम के उपाय।
- ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग एवं सोशल मीडिया से संबंधित सुरक्षा टिप्स।
- डिजिटल ट्रांजेक्शन और पासवर्ड सुरक्षा के उपाय।
- साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर शिकायत पोर्टल की जानकारी।



**प्रमुख आयोजन स्थल एवं सहभागिता**

■सरस्वती विद्या मंदिर, राजगढ़ सी.एम. राइज़ स्कूल, राजगढ़ सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, नरसिंहगढ़ शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, कालीपीठ एकीकृत शासकीय हाई स्कूल शासकीय कन्या शाला, ब्यावरा

कार्यक्रमों में विभिन्न वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षाविद शामिल हुए और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा जिला राजगढ़ की नागरिकों से अपील :** इंटरनेट का उपयोग सतर्कता और सुरक्षा के साथ करें। यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन *1930* पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

**यह विशेष अभियान *11 फरवरी 2025** तक जारी रहेगा, जिसमें जिलेभर में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साइबर सुरक्षा से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# मैहर में हुआ मुख्यमंत्री कन्या, परिणय सूत्र में बंधे 329 जोड़े

## राज्यमंत्री ने दिया मुहॅ दिखाई मे 51 हजार का चेक व आशीर्वाद




**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मैंहर में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया आज के इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री एवं रैगांव विधायक प्रतिमा बागरी तथा विधायक मैंहर श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल हुए, कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत प्रांगण में किया गया, राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ आज 329 जोड़ो को मिला है इस अवसर पर राज्यमंत्री ने मुह दिखाई पर अपने आशीर्वाद के साथ शासन की ओर से निर्देशित 51 हजार चेक दिया इसके साथ ही राज्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार लाड़ली लक्ष्मी से लेकर कन्या विवाद तक बेटी के हर बोझ के उठा रही है इसे सरकार अपनी सबसे अहम जिम्मेदारी समझती है यही वजह है कि आज कई परिवार कर्ज में डूबने से बचे है और बेटी मंडप से खुसी खुसी बिदा हो रही है।

# वृत्त मऊगंज में अवैध मदिरा के विरुद्ध नईगढ़ी जायसवाल बस्ती में कि गई बड़ी कार्यवाही



**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मऊगंज -नईगढी जायसवाल बस्ती मे शियाबती जायसवाल के रिहायाशी माकान से 720 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,शिला देवी उर्फ़ अनीता जायसवाल के रिहायशी माकान से 800 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,रीना जायसवाल के रिहायशी माकान से 1440 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,सविता जायसवाल के रिहायाशी माकान से 1420 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 15 लीटर हाथ भट्ट मदिरा,प्रेम लाल जायसवाल के रिहायाशी माकान से 620 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,ग्राम-बदौबा मे आशा साकेत के रिहायाशी माकान से 57 पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 55 पाव देशी मसाला मदिरा ग्राम-बेलहा मे राजेश साकेत के रिहायशी माकान से70 पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 60 पाव देशी मसाला मदिरा 47पाव स्ष्ठ रम 20पाव जीनियस रम 12पाव ह्रष्ट व्हिस्की पावर कूल बियर 11 केन बरामद की गई इस प्रकार आज 7प्रकारणों मे 5000 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,127 पाव देशी प्लेन, 115पाव देशी मसाला 47पाव स्ष्ठ रम 20पाव जीनियस रम 12पाव ह्रष्ट व्हिस्की 11केन पावर कूल बियर जप्त कर म प्र. आबकारी अधिनियम 34(1) (क) (च)के प्रकरण कायम किये गए जिसकी अनुमति कीमत -545835 रूपये है उक्त कार्यवाही में *उड़न दस्ता प्रभारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक वीणा पयसी आरक्षक वेदप्रकाश तिवारी,महेंद्र सिंह, अखिलेश शुक्ला, आशीष गुप्ता, शुभम द्विवेदी नगर सैनिक राजेंद्र मिश्रा,सरोज पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सांसद श्री लोधी की कावड़ यात्रा के चतुर्थ दिवस ग्राम इमलिया पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**दमोह** - सांसद राहुल सिंह लोधी की संकल्प अष्टम कावड़ यात्रा के चतुर्थ दिवस पर आज ग्राम इमलिया घाट पहुंचने पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )लखन पटेल, एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल,भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, भाजपा प्रतिनिधि विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों सहित मौजूदगी रही। सभी ने फूल गुच्छों से भव्य स्वागत किया फिर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद श्री सिंह कि कावड़ यात्रा में सम्मिलित होकर ग्राम राजा पटना पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।



# जमीयत की कार्यकारिणी घोषित आदिल फिर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती अहमद खान ने मध्य प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी है! कार्यकारिणी में हाफिज आदिलुर रहमान कुरैशी को फिर से तीसरी बार जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है! इसके अलावा एक दर्जन से अधिक उलेमाओं को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया



है!अमीरे शरीयत मुफ्ती मोहम्मद अहमद खान द्वारा जारी की गई सूची में मुफ्ती मुंतज़िर को जनरल सेक्रेटरी, मौलाना कमरुद्दीन, हाफिज मकसूद, मुफ्ती शाह हुसैन को उपाध्यक्ष, मोहम्मद एजाज को कोषाध्यक्ष, मौलाना मोहम्मद जावेद को सह प्रवक्ता, मौलाना मोहम्मद इस्लाम, हाफिज मोहम्मद हनीफ, मौलाना मोहम्मद अनीस, हाफिज मोहम्मद सादिक, हाफ़िज़ शहजाद, मौलाना मोहम्मद सादिक, हाफिज मोहम्मद शाहनवाज को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है! जमीयत की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इंसाफ कुरैशी को सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया है!

# हजारों भाजपा कार्यकर्ता ,समर्थकों के बीच बाजे गाजे के साथ निकली भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली

## विधायक भईया लाल ,जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी रहे शामिल

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**कोरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी कोरिया के सभी जिला पंचायत सदस्यों और दो जनपद पंचायत बैकुंठपुर सहित सोनहत के जनपद सदस्यों के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, अवगत करा दें की आज 31 जनवरी को जिला पंचायत कोरिया के 10 में से 9 भाजपा प्रत्याशियों ने बैकुंठपुर कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन दाखिल किया, साथ ही जिले अंतर्गत दोनों जनपद पंचायत के भाजपा समर्थित, अधिकृत प्रत्याशियों ने अपने अपने जनपद मुख्यालय में सैकड़ों समर्थकों बीच बाजे गाजे के साथ अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया, रैली में मुख्य रूप से शामिल बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कहा की भाजपा से उतारे गए सभी प्रत्याशी लोकप्रिय हैं और सभी प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे, राजवाड़े ने कहा की भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत और विष्णुदेव साय सरकार के विकास सहित मोदी की गारंटी के साथ चुनाव जीतेंगे, उन्होंने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी, प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान विधायक भरतपुर सोनहत रेणुका सिंह ने कहा की हमारे सभी प्रत्याशियों की क्षेत्र में और भाजपा में अच्छी और ईमानदार के साथ कर्मठ छवि है इसके साथ पार्टी के कार्यकताओं की मेहनत और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के विकास सहित माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहित की योजना जैसे महतारी वंदन के रूप में प्रदेश की बहनों को आर्थिक सहयोग, किसानों से ऊंचे समर्थन मूल्य में उपज खरीदने और उन्हें अंतर की



राशि के रूप कृषि उन्नति हेतु लाभ प्रदान करना, मोदी जी के प्रयासों के रूप प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी को आवास दिलाने सहित कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की वजह से निश्चिंत ही विजई प्राप्त करेंगे, इसी तारतम्य में कोरिया जिले के युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की हमारे कार्यकर्ताओं की ऊर्जा एकजुटता और हर अभियान पर जीत दर्ज करने की जिद्द और बुलंद हौसला ही हमारी जीत को तय कर देती है, साथ ही भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार जो देश में विकास और उन्नति की जननी मानी जाती है और जिनकी पहल से समूचे राष्ट्र और प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं की बयार चल रही है, साथ ही प्रदेश की विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार है। निश्चित ही हम निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में जोरदार जीत दर्ज करने जा रहे हैं, नामांकन रैली में शामिल त्रिस्तरीय चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा की कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रत्याशियों की साफ सुथरी छवि के साथ केंद्र की मोदी सरकार की योजनाएं और प्रदेश की विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार त्रिस्तरीय चुनाव को जीत के रूप सफलता दिलाने जा रही है, वहीं कोरिया जिले में परिसीमन पश्चात नए जिला पंचायत क्षेत्र के गठित होने बाद सभी 10 जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए भाजपा की तरफ से कोरिया जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक बैकुण्ठपुर (प्रथम) से वंदना राजवाड़े, बैकुण्ठपुर(द्वितीय) से सौभाग्यवती सिंह, बैकुण्ठपुर (तृतीय) से सुनीता कुर्रे, बैकुण्ठपुर (चतुर्थ) से विनोद कुमार साहू, बैकुण्ठपुर (पंचम) से श्रीमती गीता राजवाड़े, बैकुण्ठपुर (सष्टम) से श्री मोहित पैकरा, सोनहत (प्रथम) से श्री रामप्रताप मरावी? सोनहत (द्वितीय) से श्रीमती षिव कुमारी सोनपाकर, खड़गवां (प्रथम) से सुश्री बिमला सिंह ने अपना नामांकन जमा कराया क्षेत्र क्रमांक 10 खड़गवां (द्वितीय) से श्रीमती चुन्नी पैकरा का नामांकन शेष है जिसे कल दाखिल किया जाएगा।उसी तरह जनपद पंचायत बैकुंठपुर से भाजपा समर्थित व अधिकृत जनपद सदस्यों में जनपद क्षेत्र जगतपुर से ललिता खाखा, गदबदी से रानू सिंह, सलका से सुनिता चेरवा, नरकेली से सनमत राजवाड़े, बरपारा से सोनी राजवाड़े, कदमनारा से षिवभजन सिंह शाडिल्य, बुड़ार से आष्टी तिर्की, ?कटकोना से हुकुम साय, बरदिया से चन्द्रकली राजवाड़े, गिरजापुर से रामबाई, बंजारीडांड़ से जगनारायण सिंह, जिल्दा से प्रवेष सिंह, पोड़ी से अषोक जायसवाल, बारी से मीना मरकाम, बैमा से ओमप्रकाष सिंह, चिरमी से कृष्णकला ,सरडी से धर्मवती राजवाड़े उड़ेगी से गायत्री देवी साहू, चेरवापारा से रमेश राजवाड़े भांडी से, डलेश्वर सिंह, छीनदिया से अंकित कुमार जायसवाल,कुंडली से शिवचरण साहू खोड़ से रंजीत कुमार मंडल डुमरिया से सत्यम साहू। जनपद पंचायत सोनहत के जनपद क्षेत्र रामगढ़ से बृजलाल चेरवा, सोनहत से हीरामन सिंह, कुषाहा से ईष्वर राजवाड़े, केषगंवा से सोनिया राजवाड़े, पुसला से ओमेष्वरी राजवाड़े, कटगोड़ी से आलेष्वरी गौतम, भैंसवार से कलिता पैकरा, मंझारटोला से ज्योति सिंह एवं दांमुज से रामाधार चेरवा ने नामांकन भरा।

# दो हजार मुआवजा धारियों पर वसूली का संकट

### हाईकोर्ट के फटकार के बाद बनी परिस्थिति

### मनमाने ढंग से भू-अर्जन अधिकारी ने बांटा मुआवजा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो**

**सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**



सिंगरौली। रेलवे लाइन से प्रभावित करीब दो हजार मकानों का मुआवजा देने के मामले में सिंगरौली प्रशासन बुरी तरह फस गया है। ऐसी स्थिति बन गयी है कि अब अधिकारियों से कुछ करते नहीं बन रहा है। हाईकोर्ट के फटकार ने जिला प्रशासन एवं भू-अर्जन अधिकारी की पूरी प्रक्रिया को ही कटघरे में ला दिया है, हालांकि फिलहाल अभी महज एक मामला में पेंच फसा हुआ है, लेकिन ऐसी ही स्थित करीब दो हजार मामलों में है। इस मामले को सुलझाने में अधिकारी एड़ी चोंटी का जोर लगा रहे हैं किसी भी तरह यह मामला सुलझ गया तो अन्य दो हजार मामलों में वे अपने को किस प्रकार से बचायेंगे यह सवाल बना रहेगा।

**दो हजार मामलों में तीसरे व्यक्ति को किया है भुगतान :** सिंगरौली जिले में कलेक्टर से लेकर एसडीएम ने जमकर मनमानी की। इन अधिकारियों ने रेलवे मुआवजा भुगतान के नियमों को दरकिनार करते हुए अपनी मनमानी चलायी। ऐसा तो हो नहीं सकता कि अधिकारियों को नियमों की जानकारी न रही हो ऐसे में यह माना जा रहा है कि अपने व्यक्तिगत लाभ एवं अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिये इन अधिकारियों ने नियमों से खिलवाड किया और अपनी मनमानी चलायी। जिले में करीब दो हजार ऐसे मामले हैं जिसमें मकान का मुआवजा भुमि स्वामी को न देकर तीसरे व्यक्ति को भुगतान किया गया। हालत यह है कि ऐसे भूमि स्वामियों के सहमति पत्र तैयार किये गये जिनकी उम्र काफी ज्यादा थी और वे बिना पढे लिखे आदिवासी एवं वृद्ध हैं।

**लाखों का भुगतान :** पूरे मामले का अभी खुलासा नहीं हुआ है यदि ऐसा होता है तो दातों तले अंगुली दबाये रह जायेंगे। अधिकारियों ने मनमानी की सारे हदें पार कर दी। हैरत की बात यह है 30 से 40 लाख रुपये एक ही व्यक्ति को भुगतान कर दिये गये ऐसा व्यक्ति जो भुमि स्वामी नहीं था। मकान के नाम पर सहमति पत्र पर भू- अर्जन अधिकारियों ने इतनी बड़ी राषि तीसरे व्यक्ति को भुगतान कर दिया। इस प्रकार से अधिकारियों ने करोंडों का खेल किया। जिसमें अधिकारियों के करीबी के साथ ही सत्तापक्ष एवं विपक्ष से जुडें नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

**सभी से हो सकती है वसूली :** हाईकोर्ट के निर्देष के बाद ऐसे सभी लोगों से प प्रशासन वसूली कर सकता है। फिलहाल अभी एक मामले को लेकर वसूली की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसी तर्ज पर इससे जुड़े अन्य मामलों में भी वसूली हो सकती है। इसे लेकर मुआवजा घोटाला से जुडे सभी लोगो में दहसत एवं अफरातफरी है। देवसर एसडीएम कार्यालय एवं भुअर्जन कार्यालय से जुडे लिपिक से लेकर अधिकारी इस कारनामें में संलिप्त हैं। उनकी करतूत सामने आ गयी है।

# दमोह कलेक्टर ने नवीन व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्राचार्यों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षकों का किया सम्मान

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**दमोह** - नवीन व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में सम्पन्न होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे व्यावसायिक शिक्षा में नामांकन, बोर्ड परीक्षा परिणाम, प्रयोगशाला की साज-सज्जा, विद्यालय में उपस्थिति, प्रति वर्ष आयोजित होने वाली कौशल प्रदर्शनी में सहभागिता, व्यावसायिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सहयोग, जॉब ट्रेनिंग आदि बिन्दुओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षकों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिले के 59 शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी ऐजुकेशन) एवं पी.एम.श्री योजना के अन्तर्गत नवीन व्यावसायिक शिक्षा संचालित है। इन विद्यालयों में 118 व्यावसायिक प्रशिक्षक कार्यरत हैं। प्रारम्भ में केवल जिले के एक विद्यालय में नवीन व्यावसायिक शिक्षा संचालित की गयी थी लेकिन आज की स्थिति में जिले के 59 विद्यालयों में नवीन व्यावसायिक शिक्षा संचालित है जिसका लगातार विस्तार होता जा रहा है। आने वाले समय में प्रत्येक विद्यालय में नवीन व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को उपलब्ध करायी जायेगी। नामांकन एवं कौशल विकास में गुणात्मक वृद्धि व रोजगार सृजन हेतु दमोह जिले में व्यावसायिक प्रशिक्षकों एवं प्राचार्यों को सम्मानित करने की अभिनव पहल कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में की गयी है, ताकि हमारा जिला व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में नए आयामों को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में विभिन्न मापदण्डों के आधार पर ०

# मध्य प्रदेश का नंबर वन अस्पताल बना ऑल इज वेल

## आज आईसीयू के 50 बेड का उद्घाटन डायरेक्टर कबीर चौकसे ने अपनी मां मंजूषा चौकसे के जन्मदिन के अवसर पर शुभारंभ करवाया,,,




**बुरहानपुर । विकास ठाकुर** ~ - जिले का ऑल इस वेल अस्पताल इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है, वह मध्य प्रदेश का नंबर वन अस्पताल बन गया है,यह अस्पताल छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए माना जाता है। ऑल इस वेल अस्पताल में जो भी इलाज के लिए आता है, वह हंसता हुआ जाता है, यह अस्पताल अपनी विशेष सेवाओं के लिए जाना जाता है और अब यह मध्य प्रदेश का सबसे अच्छा ओर नंबर वन अस्पताल बन गया है। इस अस्पताल में अब 115 आईसीयू बेड हैं, जो कि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक है। आज आईसीयू के 50 बेड का उद्घाटन हुआ है, जिसका उद्घाटन अस्पताल के डायरेक्टर कबीर चौकसे ने अपनी मां मंजूषा चौकसे के जन्मदिन के अवसर पर शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर कबीर चौकसे ने कहा कि यह अस्पताल हमेशा से ही मरीजों की सेवा के लिए समर्पित रहा है और हमें यह गर्व है कि हम मध्य प्रदेश का नंबर वन अस्पताल बन गए हैं। जो ऑल इज वेल अस्पताल की इस उपलब्धि पर अस्पताल के डॉक्टर्स और स्टाफ ने खुशी जाहिर की है और उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अस्पताल के डायरेक्टर कबीर चौकसे को बधाई दी है।

नया आईसीयू अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित - ऑल इज़ वेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 50 बिस्तरों वाले नए आईसीयू का उद्घाटन किया गया, जिससे मौजूदा 60 बिस्तरों वाले आईसीयू को और अधिक मजबूती मिलेगी। यह नया आईसीयू अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें एडवांस मॉनिटर, वेंटिलेटर आदि शामिल हैं। इस आईसीयू का उद्घाटन मंजूषा चौकसे, अध्यक्ष (आनंद एजुकेशनल टेक्निकल वोकेशनल सोसाइटी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री आनंद प्रकाश चौकसे ने कहा कि बहुत जल्द अस्पताल में अत्याधुनिक रेडिएशन सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा, जो मध्य भारत के सबसे एडवांस चिकित्सा केंद्रों में से एक होगा। नए आईसीयू के शुभारंभ के साथ, अस्पताल में गंभीर रोगियों के इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। इस महत्वपूर्ण पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र में नई क्रांति आएगी और मरीजों को आधुनिक तकनीक से उपचार का लाभ मिलेगा।

# ठेकेदार की दबंगता से नाला निर्माण में हो रहा गुणवत्ताहीन कार्य

**ओमप्रकाश परमार।**



देवास। जिले के कन्नौद में नागरिक वासियों की सुविधा के लिए गंदा पानी निकासी के लिए आष्टा मार्ग पर सांई मंदिर से पेट्रोल पंप तक नाला निर्माण किया जा रहा है। जिसमे ठेकेदार द्वारा लगातार गुणवत्ता हीन कार्य किया जा रहा है। नगर पंचायत सीएमओ अनिल जोशी एवं इंजीनियर विवेक बेलिया के बार बार मना करने पर ठेकेदार मूंछ पर ताव देकर कार्य कर रहा है। आखिर ठेकेदार को किसका संरक्षण है जो निर्माण एजेंसी नगर परिषद के अधिकारियों के आदेश को अनदेखा कर लगातार गुणवत्ता हीन कार्य कर रहा है।

इंजीनियर विवेक बेलिया ने बताया कि कन्नौद नगर में आष्टा मार्ग पर साईं मंदिर से पेट्रोल पंप तक करीब 410 मीटर नाला निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी लागत करीब 42 लाख रुपये है। और समराथल बिल्डकॉन द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। हमें कार्य गुणवत्ता हीन होने की सूचना बार बार मिल रही है। जिसके चलते हमने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। ठेकेदार को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य से पूर्व इंजीनियर को सामग्री का अवलोकन करवाये। सामग्री गुणवत्तापूर्ण होने पर ही निर्माण किया जाये। लेकिन ठेकेदार के मनमानी के चलते गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग कर रहा है। जिससे कार्य तो गुणवत्ता हीन हो रहा है।

इंजीनियर ने यह भी बताया कि गुणवत्ताहीन निर्माण की सूचना पर नगर परिषद संदीप धूत, सीएमओ अनिल जोशी एवं मेरे द्वारा मौका निरीक्षण किया था। जिसमे गुणवत्ताहीन होने के कारण कार्य बंद करवाया गया था। और ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि जब तक नगर परिषद इंजीनियर निर्माण सामग्री का अवलोकन न करे निर्माण कार्य न करे। लेकिन फिर भी ठेकेदार द्वारा अधिकारियों के आदेश को ताक में रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को इंजीनियर ने मौके पर जाकर देखा तो निर्माण कार्य हो रहा था। कांक्रीट में वाइब्रेटर का उपयोग नही किया जा रहा था। साथ ही लोहे के सरिये 8 बाय 8 इंच में लगने थे। वह भी 10 बाय 12 इंच पर लगाये जा रहे है। इंजीनियर ने मौके पर ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई और काम बंद करवा दिया। इंजीनियर ने बताया कि अब तक जो भी कार्य हुआ है उसका भुगतान रोका जाएगा। और गुणवत्ताहीन निर्माण को तुड़वाकर फिर से नाला निर्माण करवाया जाएगा।

# मृगन्नाथ धाम में यज्ञ व भागवत कथा की भव्य तैयारी

### 9 फरवरी से होगा शुभारम्भ 29 समाप्त

**शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



**बाड़ी,** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाड़ी से 6 किलो दूर दक्षिण में स्थित निम्माकृ आश्रम कांशिया पाटनी मृगनाथ धाम (बाड़ी) में 9 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा एवं यज्ञ की तैयारी कर दी गई है। श्री श्री 1008 महंत श्री हरिदास जी महाराज आशिर्वाद से यज्ञ प्रारंभ होगा जिसमें यज्ञाचार्य पंडित प्रदीप दुबे जी मालझिर एवं ब्रह्मा सीताराम उपाध्याय होंगे। कथा वाचक श्री श्याम भैया वृंदावन भागवत रस की गंगा बहाएंगे । विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पावन वादियों में स्थित निम्मार्क आश्रम मृगनाथ धाम सिद्ध साधु संतों की तपोभूमि रहा है। यह अनेक रहस्य रोमांचक पर्यटन स्थानों से भरा पड़ा है। इसी के नजदीक है रहस्यमयी मृगनाथ गुफा,आदि मानव काल से यह गुफा रहस्य और रोमांच से भरी पड़ी है यह गुफा कई किलोमीटर तक जमीन के अंदर तक है । इस गुफा का अंतिम छोर आज तक किसी को नहीं मिला है। कांसिया पाटनी मृगनाथ धाम के संत शिरोमणि महंत श्री हरिदास जी महाराज ने बताया की यह गुफा पुरातन काल से योगियों, ऋषि, मुनियों की साधना स्थली रही है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन




**देबाशीष गांगुली ( संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान )**

बैकुंठपुर। कोरिया जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक किया गया। जिसमें दिनांक 28.01.2025 को सुबह 11.00 बजे से मानस भवन बैकुंठपुर में विभिन्न प्रतियोगिता निबंध, चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। दिनांक 31.01.2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह के अवसर पर चयनित प्रतिभागियों को सम्माननीय मुख्य अतिथि कोरिया कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी एवं अन्य अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसमें न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिये जिसमें- भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय पुष्पांजली, तृतीय सुमन पासवान। रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय- पूर्णीमा, खुशी, जासमीन, आरती। निबंध प्रतियोगिता में सुनिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किये।

# आज रविवार को 5 घंटे विद्युत सप्लाई पूर्णतया बंद रहेगी, पचोर एई जेई ने दी जानकारी

**बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

राजगढ/पचोर ~- आज रविवार को पचोर शहर की टोटल विद्युत सप्लाई 5 घंटे के लिए पूर्णतया बंद रहेगी। एई विशाल नरगावे एवं जेई पाटिल ने समाचार पत्रों को जानकारी देते हुए बताया कि स्थानी पावर हाउस में पुरानी वीसीबी की जगह नई वीसीबी इंस्टॉल करने के लिए पचोर शहर की टोटल विद्युत सप्लाई सुबह 11~00 से 4~00 बजे तक के लिए पूर्णतया बंद रहेगी। अधिकारियों ने जनता को असुविधा से बचने के लिए अपील की है कि अपने जरूरी काम समय से पूर्व पूरे कर लें। साथ ही यह भी कहा कि कार्य की गुणवत्ता और अधिकता को देखते हुए समय कम या ज्यादा भी हो सकता है तथा जनता को विद्युत प्रवाह बाधित दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# यह बजट विकसित भारत के अटल संकल्प की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है: अमिता चपरा

गजेन्द्र परिहार



**शहडोल।** मध्य प्रदेश महिला वित्त विकास निगम की पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी शहडोल जिले की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है शनिवार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने बड़े ही हर्ष उत्साह प्रफुल्लित मन से लोकसभा में पेश आम बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहां है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक और आम जनता को खुश करने वाला बजट है। ये बजट विकसित भारत के अटल संकल्प की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। गरीब, मध्यम वर्ग कि चिंता करने वाला यह बजट यथार्थ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध भारत के विजन का एक दस्तावेज है बजट में सभी वर्ग के हितों को संरक्षित किया गया है। नरेन्द्र मोदी ने इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और महिला वर्ग के उत्थान के लिए सरकार के संकल्प को दोहराया है। दूरदर्शी और सर्वसमावेशी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई, बजट में हर वर्ग की चिंता कर गरीब, महिला, किसान और नौजवानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाते हुए ?12 लाख तक की आय पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है, वही फसलों की उपज बढ़ाने हेतु प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना का शुभारंभ कर किसानों को लाभ पहुंचाकर किसान को समृद्ध बनाने का काम किया गया है। वास्तव में इस वर्ष के बजट से केंद्र सरकार ने पुनः यह स्पष्ट संदेश दिया है यह आम जनमानस के लिए, आम जनता के लिए, सर्वहारा समाज के लिए यह बजट सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शीय है। गरीब स्ट्रीट वेंडर्स को सशक्त बनाने हेतु ?30000 तक का डिजिटल क्रेडिट कार्ड पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत जारी होगा। युवाओं में नए उद्यमीयों को प्रमोट करने हेतु एमएसएमई अंतर्गत ?10000 करोड़ की नई फंडिंग की जाएगी। अन्नदाताओं के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा ?3 लाख से बढ़कर ?5 लाख किया है जिससे उनको उपज क्षमता में आ रही आर्थिक बाधाओं में राहत देगा। साथ ही कम उत्पादकता वाले 100 जिलों को चिन्हित कर कृषि उत्पादकता में सुधार लाने हेतु पीएम धन-धान्य कृषि योजना का आना अनुकरणीय है, नारी शक्ति को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने हेतु 5 लाख महिलाओं को ?2 करोड़ तक का टर्म लोन उपलब्ध कराने की सुविधा बनाई जाएगी। साथ ही सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण अभियान 2.0 के तहत आवश्यकता वाले क्षेत्रों के आठ करोड़ बच्चों एवं एक करोड़ गर्भवती माताओं का उदधार होगा। गांव-गांव में बने सरकारी विद्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुदृढीकरण हेतु "भारत नेट" का हर विद्यालय में संचार किया जाएगा। इस बजट को अगर आसान शब्दों में कहा जाए तो, "जी-वाई-ए-एन" यानी गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर केंद्रित बजट है, जोकि पूर्ण रूप से समाज के हर जातक को सशक्त बनाने हेतु कारगर रहेगा है।

# विकसित भारत के पथ पर मील का पत्थर साबित हो होगा यह बजट: विधायक मनीषा सिंह

गजेन्द्र परिहार



**शहडोल।** जयसिंहनगर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने शनिवार को लोकसभा में पेश आम बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बहुत-बहुत बधाई, केंद्र सरकार का नया बजट संपूर्ण भारत वर्ष, हर क्षेत्र, हर समाज और वर्ग के विकास को सुनिश्चित करने वाला बजट है बजट में शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है मेडिकल एजुकेशन और आईआईटी में 75000 सीटें बढ़ाने की घोषणा इस बजट में की गई है मुझे ये बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि इस बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की घोषणा की गई है। इस योजना से देश के 100 जिले और 1.70 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे, इस बजट में कृषि और अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ी सौगात देश के नागरिकों को मिली है। पूर्ण आशा व विश्वास हैं कि यह बजट विकसित व समृद्ध भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट द्वारा दी गई है।

# अमरकंटक नर्मदा महोत्सव के तैयारी का कमिश्नर ने लिया जायजा



**शहडोल।** पवित्र नगरी अमरकंटक में तीन-चार एवं पांच फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले अमरकंटक नर्मदा महोत्सव के आयोजन की तैयारी का शहडोल संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अमरकंटक पहुंचकर जायजा लिया उन्होंने मेला ग्राउंड, रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट, मां नर्मदा मंदिर परिसर मे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में जायजा लिया। भ्रमण के दौरान कमिश्नर को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आयोजन से संबंधित तैयारी के संबंध में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एसडीएम पुष्पराजगढ़ महिपाल सिंह गुर्जर सहित सर्व संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पुलिस की कार्रवाई, 01 किलो 535 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार





शहडोल। शहडोल पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए मो. सलीम उर्फ बादशाह पिता मो. हबीब, निवासी इतवारी मोहल्ला, शहडोल एवं विकास मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा निवासी ग्राम शाहपुर, थाना पाली, जिला उमरिया को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी मो. सलीम अपने घर में में बड़ी मात्रा में गांजा रखे हुए है और इसे बिक्री करने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी सलीम के घर पर दबिश दी गई। मौके पर तलाशी के दौरान उसके घर से 01 किलो 535 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके द्वारा स्वीकार किया गया कि उक्त गांजा आरोपी ने विकास मिश्रा निवासी शाहपुर, थाना पाली, जिला उमरिया से खरीदा था। इसके आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विकास मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया। 1.आरोपी मो. सलीम उर्फ बादशाह पिता मो. हबीब उम्र 37 वर्ष निवासी ईतवारी मोहल्ला, थाना कोतवाली जिला शहडोल एवं 2. विकास मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा उम्र 37 वर्ष निवासी शाहपुर थाना पाली जिला उमरिया के विरुद्ध धारा 8/20,29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारतम्य में देवलोंद पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई। शुक्रवार को थाना देवलोंद अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर देवलोंद पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत देवलोंद पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर शनिवार को नाबालिग बालिका को स्थानीय ग्राम सरवाही खुर्द, सेहरा टोला, थाना ब्यौहारी, शहडोल से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत शुक्रवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय खेरमाता मंदिर के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी संदीप जैन पिता देनेन्द्र जैन उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09, थाना बुढ़ार, शहडोल के पास के कब्जे से 02 नग सट्टा पर्ची, डॉट पेन एवं नगदी 1,830 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# पुलिस ने की जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत शुक्रवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय खान रुई फैक्ट्री के पीछे खुले मैदान के पास में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त सूचना स्थान पर दबिश देकर आरोपी 1.शनी सोंधिया पिता लल्लू सोंधिया उम्र 25 वर्ष, 2.हनुमान सोंधिया पिता हृदयलाल सोंधिया उम्र 24 वर्ष, 3.राकेश सोंधिया पिता राजेश सोंधिया उम्र 30 वर्ष, 4.शिवदास सोंधिया पिता मनोज सोंधिया उम्र 30 वर्ष सभी निवासी कल्याणपुर, सोंधिया मोहल्ला, थाना कोतवाली, शहडोल के कब्जे से 3,500 रूपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# दौलत, शत्रुघ्न, संतोष बने आजीवन सहयोग निधि के प्रभारी, सह प्रभारी भाजपा जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई







गजेन्द्र परिहार

शहडोल। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार आजीवन सहयोग निधि हेतु जिला टोली गठित की है भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि आजीवन सहयोग निधि के लिए बनाई गई जिला टोली में भाजपा जिला पूर्व महामंत्री दौलत मनमानी को जिले का प्रभारी बनाया गया है एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशकोषाध्यक्ष शत्रुघ्न पटेल व भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर इन्होंने दी बधाई भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, संजीव प्रताप सिंह, शीतल पोद्दार, जिला महामंत्री दीपक शर्मा मनोज सिंह आर्मो, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र चतुर्वेदी, राकेश सोनी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता सह सोशल मीडिया प्रभारी राजीव शर्मा नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी, विजय गुप्ता, अरुण चपरा, संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अमित दुबे गोल्डी, अमित गुप्ता बंटी, आदित्य चपरा, सुनील मिश्रा, अरुण द्विवेदी, अभिषेक चौकसे, ऋषिराज गुप्ता, रोहित कटारे, विजय जसवानी, रवींद्र वर्मा, अनमोल सोनी, आशीष तिवारी, संतोष रावत, अरुण पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई।

# मनरेगा अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार: रतलाम में सहायक लेखा अधिकारी ने फल उद्यान योजना के लिए सरपंच से मांगे 15 हजार

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट।** रतलाम जिले के आलोट जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार का एक मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (श्वह्लङ्ख) ने शुक्रार को मनरेगा के सहायक लेखा अधिकारी मनीष ललावत (50) को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी अधिकारी ने ग्राम लूनी के सरपंच सत्यनारायण बोड़ाना से नंदन फलोद्यान योजना के दो लाख रुपये के बिल के भुगतान के लिए 8त्न कमीशन के रूप में 15 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद श्वह्लङ्ख ने कार्रवाई की योजना बनाई और आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

यह कार्रवाई डीएसपी अमित वट्टी के नेतृत्व में की गई। टीम में डीएसपी अजय कैथवास, निरीक्षक रीमा यादव, निरीक्षक अनिल शुक्ला, एसआई अर्जुन मालवीय, एएसआई अशोक राव, प्रधान आरक्षक मोहन पाल, संतोष शर्मा, मनोज, गौरव जोशी, विशाल बादल और कांस्टेबल चंद्रशेखर शामिल थे। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने रविंद्र पाटील

### संघ कार्यालय में बैठक आयोजित, लंबित मांगों पर की चर्चा

### कर्मचारी 7 फरवरी को बैतूल जिला मुख्यालय पर देंगे धरना, कलेक्टर को सौंपेगे ज्ञापन

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक प्रदेश महामंत्री श्री राजेंद्र बहादुर सिंह भोपाल की अध्यक्षता में शनिवार को संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ बैतूल जिला अध्यक्ष के पद पर रविंद्र पाटील को मनोनीत किया गया। इस दौरान संघ की लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री पाटिल ने बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी आगामी 7 फरवरी को बैतूल जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर कलेक्टर को लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। इस दौरान यदि मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो आगामी 16 फरवरी को भोपाल के अंबेडकर पार्क में धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत बैतूल ब्लॉक के आश्रम, छात्रावासों में एक वर्ष से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। बैतूल जनपद पंचायत के हेड में बजट न होने के कारण वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा आदिम जाति विभाग में विगत 6 वर्षों से कर्मचारियों को वर्दी नहीं मिली है।

**स्थाई कर्मियों को नियमित कर सातवां वेतनमान का लाभ दिया जाए** : बैठक में आठनेर ब्लॉक अध्यक्ष श्री संजय गलफट द्वारा स्थाई कर्मियों को नियमित कर 2016 से सातवां वेतनमान देने एरियर सहित भुगतान किए जाने की मांग की गई। श्रीमती शकुन बारंगे द्वारा महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संपर्क एप को राज्य स्तर से बंद किए जाने, मानदेय के स्थान पर वेतन दिए जाने और कार्यकर्ता को यूपीएस पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग की गई।

**अंशकालीन कर्मचारी को कलेक्ट दर से दिया जाए मानदेय** : बैठक में घोड़ाडोंगरी उपाध्यक्ष राजू सूर्यवंशी ने कहा कि बैतूल जिले में स्थाई कर्मियों को नियमित नहीं किया गया है तथा घोड़ाडोंगरी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उच्च पद के आदेश आज तक जारी नहीं किए गए है। इसके अलावा पदनाम, पदोन्नति का लाभ भी नहीं मिल पाया है। अंशकालीन कर्मचारी को मानदेय कलेक्ट दर से दिए जाएं एवं अंशकालीन कर्मचारियों का वेतन मानदेय हेड एक किया जाए। बैठक में मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# पैसे की रही चाहत तो बना लिया बहन, नही मिला पैसा तो बताया नौटंकीबाज

## जिला अस्पताल के फिजिशियन डा. अरशद जमाल के कितने ठिकाने




**सीतापुर।** हमेशा चर्चाओं से गुजरने वाले जिला अस्पताल में बतौर फिजिशियन पद पर तैनात डाक्टर अरशद जमाल के कारनामों के किस्से अब आम हो गये है। इसकी भनक जिलाधिकारी को मिल चुकी है शायद यही कारण है कि जिलाधिकारी ने अपने औचक निरीक्षण के दौरा जिन डाक्टरों को नोटिस भिजवाई है उसमें डा. अरशद जमाल भी शामिल है। डा. अरशद जमाल को नोटिस भले ही लापरवाही के मामले में दी गई हो लेकिन डा. अरशद जमाल ने जिस तरह का कार्य एक महिला मरीज के साथ किया गया उसकी चारों तरफ निन्दा की जा रही है। घटना क्रम पर प्रकाश डाला जाये तो पता चलता है कि पिछले कई दिनों से एक महिला जिला अस्पताल की इमरजेन्सी में भर्ती थी। उस महिला मरीज का उपचार डा. अरशद जमाल कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जब महिला मरीज आई तो डाक्टर अरशद जमाल को लगा कि इस महिला मरीज से उनको कुछ फायदा होगा तो उन्होने उस महिला मरीज से बहन भाई का रिश्ता बना लिया और जब भी महिला मरीज को देखने आते तो महिला से यही कहते कि कैसी हो बहन। महिला एकदम बेहोश थी इस कारण वह डाक्टर अरशद की बातों से सुन ही नही पा रही थी। जब डाक्टर को लगा कि अब इस महिला मरीज से कोई फायदा नही है तो डा. अरशद जमाल ने उस महिला मरीज पर इतना नाराज हो गये उसको भला बुरा करते हुए कहा कि यह महिला बड़ी नौटंकीबाज है यह नौटंकीबाजी अपने पति को दिखाना को दिखाना लेकिन शायद कोमा में था इस कारण वह डा. जमाल की बातों को नही सुन पाई लेकिन मरीज के तीमारदार घबरा गये। उसके बाद सार्वजनिक रूप से डा. अरशद जमाल ने इमरजेन्सी में ऐलान कर दिया कि इस महिला को लखनऊ रेफर कर दो।

### इमरजेन्सी की तीसरी आंख खोल सकती है राज

अरशद जमाल द्वारा महिला मरीज के साथ किस तरह का व्यवहार किया गया। इसका प्रमाण इमरजेन्सी वार्ड में लगा सीसीटीवी कैमरा दे सकता है। क्योकि इमरजेन्सी वार्ड में कैमरा लगा हुआ है और अगर 25 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक की सीसी फुटेज देखी जाये तो हकीकत का पता अपने आप ही चल जायेगा। अगर सीसी टीवी कैमरा देखा गया तो अभी तो डा. अरशद जमाल को नोटिस भेजी गई है आगे और भी कार्यवाही हो सकती है।

### डा. अरशद जमाल के कितने ठिकाने

डा. अरशद जमाल वैसे तो जिला अस्पताल में तैनात है इसके अलावा उन्होने अपना एक क्लीनिंग बटसगंज में खोल रखा है जिस पर बाकायदा लिखा है कि वरिष्ठ फिजिशियन डा. अरशद जमाल जिला अस्पताल सीतापुर। बताया यह भी जा रहा है कि डा. अरशद जमाल जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों से सेटिंग करते है और उनका उपचार बटसगंज के क्लनिक पर होता है। इसके आलवा प्रेमनगर और खैराबीद में अरशद जमाल बैठ रहे है और खैराबाद में तो उनका दूसरा क्लीनिक चलता हैं।

# डीएलएड मूल्यांकन में पारिश्रमिक को लेकर परीक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। डीएलएड (डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन) पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लगे परीक्षकों ने अपने पारिश्रमिक में बढ़ोतरी और लंबित भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उप शिक्षा निदेशक एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) खैराबाद, सीतापुर के प्राचार्य के माध्यम से परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज को भेजा गया।परीक्षकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि डीएलएड मूल्यांकन के लिए वर्तमान में ?11 प्रति उत्तर पुस्तिका का पारिश्रमिक दिया जाता है, जबकि इसी तरह के बीएड पाठ्यक्रम में यह दर ?20 प्रति उत्तर पुस्तिका है। परीक्षकों ने इसे अनुचित बताते हुए मांग की कि डीएलएड मूल्यांकन का पारिश्रमिक भी बीएड के समान किया जाए।इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में यह भी बताया गया कि दो सत्रों से परीक्षकों को मूल्यांकन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। आगामी माह में तीसरी बार मूल्यांकन कार्य शुरू होने वाला है, लेकिन पिछले दो मूल्यांकन सत्रों का पारिश्रमिक अब तक लंबित है।परीक्षकों ने कहा कि अन्य परीक्षाओं जैसे हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मूल्यांकन पारिश्रमिक में कई बार वृद्धि की गई है, किंतु डीएलएड जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में अब तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। महंगाई को देखते हुए यह आवश्यक है कि डीएलएड परीक्षकों को भी उचित पारिश्रमिक दिया जाए।ज्ञापन में परीक्षकों ने निम्नलिखित मांगें रखींरू 1. डीएलएड पाठ्यक्रम के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का पारिश्रमिक बढ़ाकर बीएड के समान ?20 प्रति उत्तर पुस्तिका किया जाए। 2. पिछली दो परीक्षाओं के मूल्यांकन का लंबित पारिश्रमिक तत्काल प्रदान किया जाए।ज्ञापन सौंपने के दौरान परीक्षकों ने इस मुद्दे पर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग की और आशा व्यक्त की कि शिक्षा विभाग इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेकर समाधान सुनिश्चित करेगा। इस मौके प्राचार्य आशीष त्रिपाठी प्राचार्य अखिलेश वर्मा प्राचार्य रामशंकर प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति, प्रवक्ता दीपक विश्वकर्मा, प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, आदि तमाम प्राचार्य व प्रवक्तागढ़ मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा विकास खण्ड पिसावां

**पिसावां में पहले ही कैथोलिया, फरिहा, मुडासानी, नेवदिया, गोरासी कलाँ,रु स्तमनगर, बरखेरवा, बहादुरनगर, जहाँसापुर, खमरिया व कुइयाखेड़ा में उजागर हो चुका घोटाला**




**सीतापुर( पिसावां )** विकास खण्ड पिसावां में सचिवो के द्वारा भ्रष्टाचार की मिसाल कयाम की जा रही है, लगातार सचिव प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर जारी गाइडलाईन का उलंघन किया जा रहा है, बाजवूद इसके जिम्मेदार कुम्भकर्णीय नींद में सोए हुए है घोटाले उजागर होने के बाद भी जिम्मेदार सुधि नही लेना तो दूर की बात फोन तक उठाना बंद कर देते है लेकिन वह यह भूल जाते ही कि उनके फोन न उठाने से उनके किए हुए कृत्यों पर पर्दा नही पड जाएगा क्योंकि किए गए भ्रष्टाचार को ई ग्राम स्वराज दहाड़ मार मार के गवाही दे रहा है। बताते चले कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत ठकुरेपुर,मुडासानी व रामनगर में पहले ही भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है फिर जिम्मेदारो ने कोई कार्यवाही नही की है ई ग्राम स्वराज पर देखने से पता चला कि ग्राम पंचायत बीहट गौर में सचिव ने प्रधान विशाल के नाम दो वित्तिय वर्षो में शासनादेश की धाज्जिया उड़ाते हुए लगभग 6 लाख 51 हजार का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट कर डाला है, किए गए भुगतान में सचिव ने प्रधान के नाम पर सामग्री व मजदुरी का भुगतान किया है।

ग्राम पंचायत बरगांवा में सचिव ने प्रधान मनोज के नाम पर वित्तीय खातों के भुगतान कर फर्जीवाडा किया है, सचिव ने प्रधान के नाम पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 4 लाख 56 हजार का भुगतान कर सरकारी धन कर दुरुपयोग किया है, जब इस सम्बंध में जानकारी के लिए सचिव व बीडीओ को फोन लगाया गया तो बजती रही घंटियां

# समाधान दिवस पर प्राप्त हुई 194 शिकायते 17 का हुआ निस्तारण




**सिधौली**-सीतापुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ रौशन जैकब ने दर्जनों लम्बित प्रकरणों को त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए प्राप्त (194) शिकायती प्रार्थना पत्रों में मौके पर (17 ) शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों का उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से ससमय निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए । वहीं स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत ने कुछ शिकायतों को लेकर भी त्वरित कार्रवाई के लिए मंडलायुक्त महोदया को अवगत कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने पहुंची मंडलायुक्त महोदया रौशन जैकब ने अपनी दो घंटे दस मिनट की मौजूदगी में सर्वप्रथम पूर्व पंजीकृत लम्बित दर्जनों शिकायतों के साथ कुंवरपुर के अमरीश कुमार ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि हिंद मेडिकल कॉलेज मऊ अटरिया द्वारा किसानों के लिए छोड़े गए चक मार्गो को अपने परिसर में मिला कर व बाउंड्री वॉल बनाकर अपने कब्जे में कर लिया जिससे किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इस संबंध में कई बार तहसील से लेकर जिले तक के अधिकारियों को कई लोगों द्वारा प्रार्थना पत्र देते हुए मामले से अवगत कराया गया परंतु आज तक उक्त प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं हो सकती तथा प्रकरण को लंबित के साथ बख्तावरपुर के जमीनी मामले दयाशंकर के आर सी प्रकरण और इस्माइलगंज की कौशल्या तथा कस्बा सिधौली स्थित गुरुद्वारा रोड पर हुए अतिक्रमण सहित दो दर्जन पुराने ज्वलंत लम्बित प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुए उपस्थित विभागों के अधिकारियों से ससमय निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। वहीं मंडलायुक्त के समक्ष कुल (194) शिकायती प्रार्थना पत्र शिकायत कर्ताओं द्वारा प्रेषित किए गए जिनमें मंडलायुक्त महोदया की मौजूदगी में (17 ) शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। मौजूद भाजपा विधायक मनीष रावत ने मास्टरबाग स्थित भूमि की पैमाइश व अटरिया क्षेत्र में तहसीलदार आईएएस नितिन सिंह के द्वारा हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन करायें जाने पर जनहित का भी ध्यान रखने की बात कही। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ,पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके श्रीवास्तव ,जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति ,परियोजना निदेशक अनिल कुमार चैधरी ,उपनिदेशक कृषि मनजीत कुमार ,सहायक निबंधक सहकारी समितियां नवनीत चंद शुक्ला , जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव ,जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी ,जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चंद साहू , नहर विभाग से एक्सईएन विशाल पोरवाल ,उप जिलाधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार आईएएस नितिन सिंह , तहसीलदार मुकेश शर्मा , अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रेणुका यादव ,खंड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल सहित विकास खण्डों के खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारीयों व तहसील के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला जज कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर हुआ जिला जेल का निरीक्षण



**सीतापुर** । जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण '' कुलदीप सक्सेना'' के निर्देश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर ' नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा जिला कारागार सीतापुर के साप्ताहिक निरीक्षण के समय बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम, सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम व अंकुर वर्मा, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम तथा सुरेश कुमार सिंह, जेल अधीक्षक, जिला कारागार सीतापुर आदि उपस्थिति रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पाकशाला व महिला बैरक व किशोर बैरक के साथ-साथ जिला कारागार सीतापुर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक तथा जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उचित पाई गयी व बन्दियों से वार्ताकर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नही कराया गया।

# सीडीओ ने किया बागवानी का निरीक्षण



**सीतापुर ।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कृषक श्रीमती सीमा सिंह पत्नी महेन्द्र सिंह निवासी ग्रा0-हरदोइया, वि0ख0-सिधौली जनपद-सीतापुर के प्रक्षेत्र पर संरक्षित खेती कार्यक्रम में 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित पॉली हाऊस का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्मित पॉलीहाऊस एवं उसमें हाई वैल्यू पुष्प-जरवेरा की खेती की सराहना करते हुए कहा गया कि इस तरह कार्यक्रमों से जनपद के अधिक से अधिक कृषकों को जोड़ते हुये उनके आर्थिक जीवन में सुधार लाने का कार्य किया जाये।

# मानदेय और स्थायी नियुक्ति की मांग, 10 कार्यालयों को भेजा पत्र




**गोंदलामऊ-सीतापुर।** गोंदलामऊ ब्लॉक में पंचायत सहायक यूनियन ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यूनियन ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित 10 कार्यालयों को 4 सूत्रीय मांग पत्र शनिवार को रजिस्टर्ड डाक से भेजा है।यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष ऐश कुमार के अनुसार, दिसंबर 2021 से कार्यरत पंचायत सहायक वर्तमान में मात्र 6000 रुपए मासिक मानदेय पर काम कर रहे हैं। यह राशि एक परिवार के भरण-पोषण के लिए बेहद कम है, खासकर जब एक मनरेगा मजदूर को 237 रुपए प्रतिदिन मिलते हैं। पंचायत सहायक तकनीकी कार्यों को संभालते हुए ग्राम पंचायत सचिवालय का संचालन कर रहे हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचा रहे हैं।यूनियन की प्रमुख मांगों में मानदेय बढ़ाकर 26,910 रुपए प्रतिमाह करना और इसे ग्राम निधि से अलग करना,अनुबंध प्रणाली को समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली का निर्माण,महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति का निर्माण,नगर पंचायत में जाने वाले कर्मचारियों का अन्य विभागों में समायोजन,वर्तमान व्यवस्था में पंचायत सहायक अपने अधिकारों से वंचित हैं और कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिससे सचिवालय के कामकाज में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। इन मांगों के पूरा होने से न केवल पंचायत सहायकों की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।

# आन्दोलित अधिवक्ताओं का धरना चौथे दिन भी जारी




**सीतापुर-जनवरी।** जिले की मिश्रित तहसील में प्रशासन और अधिवक्ताओं के मध्य छिड़ा विवाद सुलझने के बजाय दिनों दिन उलझता जा रहा है तहसील की न्यायिक प्रक्रिया जहां ठप है वहीं वादकारी कठिनाइयों के दौर से गुजरने पर मजबूर हो रहे हैं। वहीं प्रशासन वकीलों का आन्दोलन समाप्त करने की दिशा में कोई रुचि नहीं ले रहा है। ज्ञातव्य हो कि तहसील के अधिवक्ताअपनी मांगों को लेकर तहसीलदार विश्राम कक्ष और इन्हीं के न्यायालय के मध्य नारा बाजी करते हुये तहसील के वकील आज चैथे दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर डटे हुये हैं।आन्दोलित वकीलों का आरोप है कि तहसील के हर पटल पर लूट खसोट और भ्रष्टाचार तो व्याप्त है ही साथ ही इसके विभिन्न कार्यालयों और पटलो पर सरकारी कर्मचारियों के मानिन्द ही गैर सरकारी बाहरी व्यक्ति प्रशासन की मिली भगत से लगे हुये है,इसी बात से नाराज वकील आज चैथे दिन भी समस्या निराकरण की मांग को लेकर आन्दोलनरत है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उपजिलाधिकारी और प्रभारी तहसीलदार की अविधिक कार्य शैली को लेकर दि मिश्रित बार एसोसिएशन और मिश्रित अधिवक्ता संघ संयुक्त रूप से क्रमिक धरने पर डटे हुये है वकीलों के आन्दोलन का जहां आज चैथा दिन है वहीं वादकारी परेशान हैं और प्रशासन वकीलों के आन्दोलन को कोई तरजीह नहीं दे रहा है।आरोप है कि कार्यालयों की तो बात ही दूर न्यायालयों तक में कई प्राइवेट लोग लगायें गये है यह लोग प्रचलित पत्रावलियों में अवैध धन उगाही करने का कार्य करते हैं जिन पत्रावलियों में अवैध धन की व्यवस्था नही हो पाती है वे पत्रावलियां कार्यवाही के अभाव में महीनों लम्बित पड़ी रहती हैं।आन्दोलित वकीलों ने संगठन में पारित प्रस्ताव की प्रति तहसील के सभी न्यायालयों सहित मुख्य मन्त्री उ0 प्र0 सरकार, अध्यक्ष राजस्व परिषद,आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ, जिलाधिकारी सीतापुर को भेजकर कार्यवाही करने की मांग की है लेकिन आज चैथे दिन तक उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही न होने के कारण नाराज वकील निरन्तर धरने पर डटे हुये है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने बताया कि उनके आंदोलन के समर्थन में जनपद की महमूदाबाद,बिसवां,और सिधौली तथा महोली तहसील के बार संघों ने अपनी अपनी तहसीलों में मिश्रित तहसील के वकीलों के समर्थन में हड़ताल का ऐलान कर दिया है, आंदोलनरत मिश्रित तहसील के वकीलों का यह भी कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर जिला प्रशासन द्वारा उचित निर्णय नहीं लिया जाता है तब तक भ्रष्टाचार के विरोध में उनका आन्दोलन निरंतर जारी रहेगा यह सूचना बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी को भी भेज दी गई है अगर मांगों पर उचित निर्णय शीघ्र ना लिया गया तो मिश्रित तहसील के अधिवक्ताओं के आंदोलन को और तेज करके धारदार बनाया जायेगा।

# हिस्ट्रीसीटरों को दी हिदायत

**सिधौली** -सीतापुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को कस्बा सहित गमीण क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली बुलाकर जुर्म से तौबा करने की हिदायत दी साथ ही उनका भौतिक सत्यापन किया गया। अपराध निरीक्षक राम मणी यादव ने बताया कि शुक्रवार को सभी हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली परिसर में बुलाकर हिदायत दी गई है कि वो क्षेत्र में किसी भी तरह का अपराध करने का दुस्साहस न करें साथ ही कस्बा सहित क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश न करे। ऐसा करने पर उनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कारवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन भी किया गया है।

# कुंभ से लौटे अयोध्या रास्ते पर श्रद्धालुओं का जगह-जगह हो रहा पुष्प वर्षा करके स्वागत

## रात्रि विश्राम की साथ खाने नाश्ते के साथ सेवा में जूटी युवा समाजसेवियों की टीम

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या** । विभिन्न प्रदेशों से कुंभ स्नान कर अयोध्या जा रहे हैं यात्रियों के स्वागत के लिए रास्तो मे जन सैलाब उमड़ रहा है । जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भंडारे का प्रसाद खिलाने का सिलसिला बुधवार से शुरू हो गया है ।

जो लगातार यात्रा के दौरान आ रहे अयोध्या रामलला दर्शनार्थियो के लिए लगातार चलता रहेगा । जगह-जगह श्रद्धालुओं के वाहनो को रोक कर जलपान और नास्ते की व्यवस्था में सेवादल के लोग जुट गए हैं ।

थाना क्षेत्र हैदरगंज के ब्रह्म बाबा चौराहे पर आयोजित भंडारे का आयोजन समाजसेवी सियाराम सराफ, प्रधान राकेश अग्रहरि गुड्डू , उदित सराफा,हरिओम, अरविंद गुप्ता, पिंटू गुप्ता, गोपाल अग्रहरि, रंजीत जायसवाल, रमन गुप्ता, शिवजी तिवारी वीरेंद्र पांडे, रामचंद्र तिवारी , शैलेश अग्रहरि ,संजय अग्रहरि ,राजेश पांडे निकऊ, सौरभ अग्रहरि, अभिषेक सिंह, बजरंग गुप्ता, अभिषेक सिंह, पवन कसौधन, राजू मौर्या, कुंवर सिंह, अनिल सिंह, शुभम, बृजेश, उत्कर्ष कसौधन, हरि गोपाल, वृंदावन, हिमांशु, अभय, सद्दाम, पाचू, हैदरगंज थाने के दीवान के के यादव, प्रधान श्रवण शर्मा, हरीश सेन, रामकुमार, कुश कुमार, विपुल, निखिल, कार्तिक, दीपक, हीरा अग्रहरि, अर्जुन, रवि कुमार, अमित दुबे, दिनेश यादव, भास्कर तिवारी, गंगाराम निषाद, आशीष, मुकेश, गोलू, गोपाल, राहुल, सचिन, जयप्रकाश, शिवकुमार, अभिषेक सहित सैकड़ो युवा समाजसेवी रात दिन श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं । इसी तरह बेला, उजरियापुर, जाना बाजार, धोबिना चौराहा, शीला पुरवा, सहित अन्य स्थानो पर भी लोग जमकर झारखंड, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गोवा, वेस्ट बंगाल सहित देश के अन्य प्रदेशों से अपने-अपने वाहनों से आ रहे श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं ?।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट ऐतिहासिक: त्रयंबक तिवारी

### यह बजट भारत के आत्म निर्भर बनने की दिशा में महत्व पूर्ण कदम- भाजपाजिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो





**अम्बेडकर** नगर।भाजपा की केंद्र सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2025- 2026 के लिए पेश बजट पर भाजपा ने अपनी प्रतिक्रिया जारी की है।भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने शनिवार को प्रस्तुत किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट ऐतिहासिक है। कहा कि लगातार आठवीं बजट में इस बार का बजट देश की विकास,देश की जीडीपी को बढ़ाने वाला और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बजट है। बजट में दी गई 12 लाख तक की आय पर टैक्स में छूट देने से माध्यम वर्ग,छोटे कर्मचारी और छोटे व्यवसायियों को लाभ मिला है। बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट में कृषि,स्वास्थ्य और शिक्षा के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने भी केंद्र सरकार द्वारा पेश केंद्रीय बजट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट अब तक की सबसे अधिक जनकल्याणकारी है। कहा कि बजट में सभी वर्ग के लोगों की हितों को ध्यान में रखा गया है। यह बजट भारत के आत्म निर्भर बनने की दिशा में महत्व पूर्ण कदम है।

# स्कूल में गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित




दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर।** गरीब बच्चों को स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में पढ़ने वाले करीब 30 बच्चों को प्रबंधक अंगद कुमार तिवारी के नेतृत्व में सर्दी के मौसम में गरीब बच्चों की सहायता के उद्देश्य से स्वेटर का वितरण किया गया। जानकारी के मुताबिक लक्ष्मी कुवरि इंटर कॉलेज तारा कला तारा खुर्द अंबेडकर नगर के प्रबंधक अंगद कुमार तिवारी द्वारा गरीब बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। प्रबंधक ने बताया कि स्कूल में हर वर्ष सर्दियों में बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए जाते हैं। स्वेटर मिलने से बच्चों को सर्दियों के मौसम में काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार द्विवेदी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भूमाफिया पर मेहरबान जलालपुर तहसील के उच्च अधिकारी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर** ।जिले के जलालपुर तहसील अंतर्गत ग्रामसभा कजपुरा में स्थित सार्वजनिक भूमि गाटा संख्याअधिकार खलिहान के खाते में दर्ज है जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल ने वर्ष 2018 में ही पैमाइस कर अवैध अतिक्रमण करने वाले भूमाफिया सभापति के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय जलालपुर में गांवसभा बनाम सभापति वाद योजित हुआ जिस पर तहसीलदार जलालपुर ने 15 जनवरी 2024 को अंतिम आदेश यह पारित किया कि उक्त सार्वजनिक भूमि खलिहान गाटा संख्या 573 पर सभापति द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को बेदखल करने तथा जुर्माना राशि भी देने हेतु आदेश पारित हुआ जिस पर आज तक जलालपुर तहसील के राजस्व अधिकारी व कर्मचारीगण उस आदेश का पालन न कर भूमाफिया सभापति को पूर्ण रूप से राजनीतिक दबाव में संरक्षण प्रदान किया जा रहा है जिस संबंध में कई बार उक्त अंतिम आदेश की प्रमाणित नकल की छायाप्रति संलग्न कर अवैध कब्जे को हटाने के संबंध में उपजिलाधिकारी व तहसीलदार जलालपुर को प्रार्थना पत्र दिया गया पर आज तक उस प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही न कर अवैध अतिक्रमण करने वाले भूमाफिया सभापति से मिल मिलाकर अनैतिक लाभ लेकर इस आशय का आश्वासन जलालपुर तहसील के वर्तमान राजस्व अधिकारियों द्वारा दिया गया है कि जब तक हम लोग यहाँ पर है तब तक कोई दिक्कत तुम्हे नही होने देंगे सूत्रों से ठोस जानकारी से पता चला कि ऐसा वक्तव्य भूमाफिया सभापति द्वारा कई जगह पर किया गया है विगत कुछ दिन पहले तहसीलदार जलालपुर से इस मामले में जानकारी की गई तो उनके द्वारा यह कहा गया कि अवैध अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ नोटिस जारी कर दी गयी हैं कब्जा को हटाने हेतु लेकिन संदेह की बात यह है कि एक तरफ तहसीलदार जलालपुर द्वारा नोटिस देने की बात कही गयी और दूसरी तरफ एक जनसुनवाई की शिकायत पर उसी मामले में यह आख्या लगाई गई है कि उक्त अवैध अतिक्रमण पर हुए अंतिम आदेश के बाद पुन: उसी न्यायालय में सार्वजनिक भूमि पर करने वाले अवैध कब्जा भूमाफिया सभापति द्वारा पुन: मुकदमा विचाराधीन दिखाया गया है इससे यह स्पष्ट है कि भूमाफिया सभापति को क्षेत्रीय लेखपाल मोहसिन रजा से लेकर तहसील के उच्च अधिकारी अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने के बजाय राजनीतिक दबाव में संरक्षण देकर उसका मनोबल बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# हाजीपुर के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन जीता मैच



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान

अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** नरेंद्रदेव इंटर कॉलेज जलालपुर के मैदान में जिला मंत्री पंकज वर्मा के संयोजन में पंडित रामसेवक त्रिपाठी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। इसमें हाजीपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। बाद में विजेता टीम 11000 और उपविजेता टीम 5100 रुपया व ट्राफी देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हाजीपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 112 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरेंद्र देव की टीम ने 12 ओवरों खेलते हुए ऑल आउट होकर

मात्र 104 रन मात्र बना पाई । टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा ने किया।उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।फाइनल मुकाबला हाजीपुर जीत गई। इससे पहले स्वर्गीय पंडित रामसेवक त्रिपाठी के चित्र पर अयोध्या जिला प्रभारी डॉ मिथिलेश त्रिपाठी,नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ,वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र,नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि,नगर महामंत्री विकाश निषाद समेत ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी ।डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि खिलाड़ी जज्बा और जुनून बनाए रखें। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। वहीं कमेंटेटर की भूमिका जिला सोशल मीडिया प्रमुख शाश्वत मिश्र एवं अंपायर की भूमिका देवेश मिश्र और आशुतोष पटेल ने निभाई। अतिथियों द्वारा आनंद मिश्र,सोनू गौड़, आशीष सोनी,अनुज सोनकर,प्रिंस सोनी,शिवम् जायसवाल समेत को सम्मानित किया गया। इस अवसर विनय पांडे,महेंद्र चौहान,संतोष सिंह,संजय सिंह,धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण गौड़ सन्नी,रविन्द्र भारती आदि मौजूद रहे।

# बिना सूचना अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों की होगी सेवा समाप्त

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय अध्यापकों बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे अध्यापकों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने पांच शिक्षकों को नोटिस जारी जवाब मांगा है। इसके बाद उनके खिलाफ सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।इनमें ब्लॉक बसखारी के नरकटा प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक संजीव कुमार 2021 और जहांगरीगंज के रूकमलपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के अनिल सिंह 2019 से बिना सूचना के गैरहाजिर चल रहे हैं। इसके अलावा कटेहरी ब्लॉक के नरायणपुर कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के राजेश कुमार 2024, उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर की सुमन गुप्ता 2022 और डांडी महमूदपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के बृजेंद्र कुमार सिंह 2017 से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीन नोटिस जारी करने के बाद भी जवाब नहीं मिला है। इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग जगहों से आए लोगों को एक-दूसरे से मिलने और सीखने का मौका देना ही एक्सपोजर है: मनोज कुमार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** किशोरियों को शिक्षा स्वास्थ्य विकास साफ सफाई स्वच्छता व संगठन निर्माण के मुद्दे सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए एक दिवसीय एक्स्पोजर विजिट जन विकास संस्थान मछलीशहर जौनपुर में किया गया जिसमें कुल 12 किशोरियों व 4 सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित 16 लोगों ने भागीदारी किया। जन विकास केन्द्र भितरीडीह द्वारा आयोजित एक्सपोजर विजिट के बारे में बतातीं हुई सचिव गायत्री ने कहा कि

अम्बेडकरनगर जनपद के अकबरपुर विकासखण्ड के ताराखुर्द व चन्दनपुर न्याय पंचायत के अलमापुर, आलमपुर अखई, इस्माइलपुरगंज, हसनपुर, नसीरपुर, उसकी, आदि गांवों की किशोरी बालिकाओं को प्रथम बैच में एक्सपोजर विजिट हो रहा है। यह एक्सपोजर इन बालिकाओं व्यक्तित्व व नेतृत्व निर्माण में कारगर साबित होगा।

किशोरियों ने जन विकास संस्थान जौनपुर के कार्यक्षेत्र ग्राम पंचायतों कुम्भ मेहंदीगंज का भ्रमण किया। वहां पर किशोरी बालिकाओं ने जौनपुर की पीएर एजूकेटर बालिकाओं से मिलकर नेतृत्व विकास व सरकारी योजनाओं की पैरोकारी का तरीका सीखा। व शिक्षा स्वास्थ्य विकास पुलिस विभाग में नेतृत्व की प्रक्रिया को समझा। साथ ही किशोरी समूह का गठन संगठन निर्माण सहित समता समानता मौलिक अधिकार व शोषण मुक्त समाज निर्माण पर अपनी समझ विकसित किया। मानवाधिकार रक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अलग-अलग जगहों से आए लोगों को एक-दूसरे से मिलने और सीखने का मौका देना ही एक्सपोजर है। यह एक अहम प्रशिक्षण पद्धति है. इसके जरिए लोग दूसरे समुदायों की विकास गतिविधियों को देख सकते हैं और उनसे सीख सकते हैं. यह लोगों को टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करता है. यह लोगों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में सीखने का मौका देता है।

यह लोगों को अपने समुदाय के बाहर दूसरों के अनुभवों से सीखने का भी मौका देता है। एक्सपोजर विजिट को सफल बनाने में अंजली गरिमा अनुराधा सोनाक्षी ज्योति छोटेलाल निरकला आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डाक जीवन बीमा अपनाएं करें अपने सपनों को साकार

### केक काट कर मनाया 141 वां डाक जीवन बीमा दिवस

### आयकर छूट के लिए अपनाए डाक जीवन बीमा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अयोध्या।** प्रधान डाकघर में अधिकारियों कर्मचारियों ने क्क्ष् का 141वां दिवस केक काटकर जश्न मनाया इस दौरान मण्डल के प्रधान डाकघर की प्रभारी सीनियर पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय ने बताया कि देश के सरकारी सेवक को बीमा का लाभ देनें के लिए डाक जीवन बीमा योजना 1 फरवरी 1884 में प्रारम्भ किया गया धीरे धीरे इस पॉलिसी की लोकप्रियता बढ़ने से भारत सरकार ने विस्तार करते हुए डॉक्टर, इंजीनियर, वकील के साथ साथ स्नातक डिग्री धारक को भी इस पॉलिसी का लाभ देने के लिए इन्हें भी जोड़ा । इस डाक जीवन बीमा योजना में सभी बीमा कम्पनियों से कम किश्त और सभी से अधिक बोनस के साथ भुगतान देनें वाली डाक जीवन बीमा योजना भारत सरकार ने भारतीय डाक विभाग से लाभ देनें का निर्णय लिया गया । मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस डाक जीवन बीमा योजना पर अन्य खर्चों को कम करके अधिक से अधिक भुगतान लाभ ग्राहक को दिया जाता है साथ साथ प्रत्येक माह अपने बैंक के खाते से स्वत: या ऑनलाइन तथा किसी भी डाकघर में आसान किश्त जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराया गया वार्षिक, अर्द्ध वार्षिक किश्तों को जमा करने पर छूट भी दिया जाता है । सरकारी कर्मचारियों के लिए (प्राइमरी व जूनियर हाईस्कूल आध्यपको) खास है डाक जीवन बीमा (क्क्ष्) योजना क्योंकि किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त एवं अधिक बोनस एवं 80ष के तहत आयकर में छूट भी पाए । विकास अधिकारी चन्द्रेश वर्मा ने बताया कि इस बीमा योजना की लोकप्रियता और आकर्षण को देखते हुए भारत सरकार ने देश के ग्रामीण किसान, आम नागरिक को ग्रामीण डाक जीवन बीमा का तोहफा वर्ष 1995 में दिया । इसमें अन्य किसी भी बीमा कम्पनियों से कम किश्त एवं अधिक बोनस देय है। मतलब आपका पूरा पैसा आपके पॉलिसी में तथा आयकर में छुट व लोन की भी सुविधा उपलब्ध है डिप्टी पोस्टमास्टर दीपक कुमार तिवारी, अतुल उपाध्याय, राहुल श्रीवास्तव, विनीत कुमार सिंह, जयशंकर प्रसाद वर्मा, दीपमाला, अंकिता सिंह, अनीता सिंह, अर्चना, चांदनी वर्मा, कविता यादव, मधु कुमारी आदि मौजूद रहे ।

# टीबी हारेगा देश जीतेगा, बैठक में ली शपथ

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों की मासिक समीक्षा हेतु जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक दिनॉक 31 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार मे जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता मे आहूत की गयी । बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एस0एम0ओ0 एन0पी0एस0पी0, डी0एम0सी0 एस0एम0 नेट, बेसिक शिक्षा अधिकारी,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक मे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, रोगी कल्याण समिति, जन आरोग्य समिति, दवाओं की उपलब्धता, एच0बी0एन0सी0 कार्यक्रम, आशा योजना, आयुष्मान भारत योजना, अन्धता निवारण कार्यक्रम, क्षयरोग निवारण कार्यक्रम, ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज आदि की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज के अन्तर्गत 102 एम्बूलेंस सेवा वाहनों द्वारा गर्भवती को घर से ले आने एवं अस्पताल से घर तक छोड़ने के फेरों मे असमानता पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा एम्बूलेंस प्रभारी को समस्त अभिलेखों एवं एम्बूलेंस वाहन परीक्षण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। नवीन स्वीकृत उपकेन्द्रों के संचालन हेतु किराये के भवन की व्यवस्था अतिशीघ्र करने हेतु सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रसूताओं को 48 घंटे चिकित्सालय मे ठहरने एवं शुद्ध पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु समस्त अधीक्षकों को निर्देशित किया गया।

बैठक के अन्त मे जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सदस्यों सहित राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम के सफल कियान्वयन हेतु *टीबी मुक्त भारत卐 के लिए शपथ* लिया गया । मैं अपने राज्य / केंद्र शासित प्रदेश में टीबी का उन्मूलन करने और अपने राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के बीच टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की अपनी वचनबद्धता को दोहराता/दोहराती हूँ।

मैं टीबी से प्रभावित लोगों और परिवारों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं मिले. इसके लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैं यह भी सुनिश्चित करूँगा / करूँगी कि वे लोग फिर से स्वस्थ और सम्मानित जीवन जी सकें।

मैं सत्यनिष्ठा से प्रण लेता / लेती हूँ कि टीबी के उपचार को और भी सुलभ कराने के लिए अपने राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी संस्थानों जनप्रतिनिधियों और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करूँगा / करूँगी । मै टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग करूँगा / करूँगी; जो मेरे राज्य / केंद्र शासित प्रदेश को टीबी मुक्त बनाएगा। टीबी हारेगा देश जीतेगा ।

# श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट में शनि महामृतुंजय महायज्ञ पूर्णा आहुति के साथ हुआ संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जयदेव यादव



**मुरादाबाद** आज श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट में प्रात: कालीन सत्र में शनि महामृतुंजय महायज्ञ हुआ मुख्य यजमान पुनीत बंसल श्वेता बंसल दीपक कुरेचिया अशोक यादव अमित शर्मा रहे। महायज्ञ श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी जी के निर्देशन महायज्ञ संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र पंडित तेजनारायण पंडित जगदंबा प्रसाद द्वारा संपन्न हुआ। आज सांय कालीन सत्र में बाल व्यास देवी देविका दीक्षित ने हनुमान कथा सुनाई। उन्होंने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के सर्वोत्तम सेवक, सखा और भक्त श्री हनुमान सद्गुणों के भंडार हैं। हनुमान के परम पराक्रमी सेवा मूर्ति स्वरूप से तो सभी परिचित हैं लेकिन वह ज्ञानियों में भी अग्रगण्य हैं। वह अतुलित बल के स्वामी हैं। उनके अंग वज्र के समान कठोर एवं शक्तिशाली हैं। उन्हें 'वज्रांग' नाम दिया गया जो आम बोलचाल में 'बजरंग' बन गया। बजरंग बली केवल गदाधारी महाबलि ही नहीं बल्कि विलक्षण और बहुआयामी मानसिक और प्रखर बौद्धिक गुणों के अद्भुत धनी भी हैं। राम काज अर्थात अच्छे कार्य के लिए वह सदैव तत्पर रहते थे। वह राम सेवा अर्थात सात्विक सेवा के शिखर पुरुष ही नहीं थे बल्कि अनंत आयामी व्यक्तित्व विकास का महाआकाश है।विवेक, ज्ञान, बल, पराक्रम, संयम, सेवा, समर्पण, नेतृत्व, सम्पन्नता आदि विलक्षण गुणों के धनी होने के बावजूद उनमें रत्ती भर अहंकार नहीं था। चिरंजीवी हनुमान को पवन पुत्र कहा गया है। एक बार हनुमान जी को सुलाकर माता अंजनी गृह कार्य में व्यस्त हो गईं। तभी हनुमान जी की नींद खुल गई तथा भूख से व्याकुल हो सूर्य को मीठा फल समझकर उन्होंने उसे अपने मुख में भर लिया। उस समय ग्रहण चल रहा था। सूर्य की यह गति भांपते हुए राहू ने देवराज इंद्र के पास जाकर उन्हें सारा वृत्तांत सुनाया। तब देवराज इंद्र ने देखा कि छोटे से हनुमान सूर्य को अपने मुख में रख कर खेल रहे हैं और सारा जगत त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है।

उसी समय हनुमान जी की दृष्टि इंद्र की ओर गई और उसे भी फल समझकर खाने लगे। इंद्र ने हनुमान जी को अपनी ओर आता देख कर उन पर वज्र से प्रहार किया। वज्र के प्रहार से सूर्य हनुमान जी के मुख से आजाद हो गए और हनुमान जी मूर्च्छित होकर गिर पड़े। तभी वायु देव ने वायु की गति रोक दी जिस कारण सारे जगत में वायु संचार बंद हो गया और सभी जीव मृत्यु को प्राप्त होने लगे। देवराज इंद्र समेत सभी देवता तब ब्रह्मा जी के पास गए। तत्पश्चात ब्रह्मा सहित सभी देवताओं ने वायु देव के पास जाकर उनसे विनती की कि वायु का संचार प्रारंभ करें तथा सभी हनुमान जी को बल, बुद्धि और चिरंजीवी होने का आशीर्वाद प्रदान करें। हनुमान जी की मूर्च्छा समाप्त हुई और सृष्टि में नवसंचार होने से मानव सहित सभी जीवों की रक्षा हुई।सुंदरकांड के साथ आज की कथा को विश्राम दिया गया । इस अवसर पर संरक्षक के के गुप्ता अध्यक्ष अंरविद अग्रवाल सुधीर श्रीवास्तव अवनीत सक्सेना आशुतोष गुप्ता दिनेश अग्रवाल विपिन अग्रवाल वरुण नरेश सक्सेना अतुल सोती एडवोकेट मुकेश दत्त कौशिक विकास ममगाईं गोपाल कृष्ण गर्ग अंकित सक्सेना विनय जौहरी शौभाग्य सक्सेना तनु सम्राट अनीता कौशिक सीमा विश्नोई मिथिलेश गुप्ता अंजना चौहान मुदिता अग्रवाल रहे।

# तहसील गोवर्धन में डीएम और डीआईजी ने सुनीं समस्याएं, पांच का किया मौके पर निस्तारण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील गोवर्धन में सुनी समस्याएं। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज गोवर्धन तहसील में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता ही सर्वोपरि होती है, जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है। पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व समृद्ध व्यवहार होना चाहिए। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता से किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

गोवर्धन तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएफओ रजनीकांत मित्तल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह, तहसीलदार मनीष कुमार, नायब तहसीलदार अवनीश कुमार व मीनू राजपूत, सीएचसी अधीक्षक नेहा चौधरी, थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज महावन तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 37 शिकायतें प्राप्त हुई तथा मौके पर 6 शिकायतें का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया कि तहसील मांट में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता श्वेता ने बताया कि छाता तहसील में 21 शिकायतें प्राप्त हुई तथा उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता ने बताया कि तहसील सदर में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव क्षेत्र में मचा हड़कंप

## मृतका के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से की लिखित शिकायत

## असंद्रा पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद भेजा पीएम,केस

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ
सत्य नारायण गुप्ता बाराबंकी



**बाराबंकी।** एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालातों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला।सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की।

शिकायत पर पुलिस ने मृतका के पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस ने आरोपी पति को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है।असंद्रा थाना क्षेत्र के संडवा भेलू गाँव निवासी मल्हू विश्वकर्मा की पत्नी शिखा विश्वकर्मा का शव संदिग्ध हालातों में कच्चे मकान की छत पर लगे कुंडे से साड़ी के फंदे से लटकता मिला।मृतका के चेहरे पर चोट के गम्भीर निशान भी थे।इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।मृतका के चेहरे पर चोट के निशान मिलने पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की।इसी बीच मृतका के पिता देवतादीन निवासी डीहा रहीमपुर थाना कोठी परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और पुत्री की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को अपनी हिरासत में ले लिया है।चौकी प्रभारी दिलावलपुर प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने पंचायत नामा भरकर शव को शव ग्रह भेजा है।इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।आरोपी पति को पूछताछ के लिए कस्टडी में लिया गया है।इस घटना को लेकर ग्रामीण तरह तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।बताया जाता है कि शिखा (मृतका)की शादी आज से करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी।जिसके तीन बच्चे हैं। क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट समीर कुमार सिंह मौका मुआयना करते हुए अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए।

# आम आदमी पार्टी ने बजट को बताया निराशाजनक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने आज प्रस्तुत आम बजट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी भाजपा सरकार ने इस बार भी आम गरीब जनता को निराशा के अलावा कुछ नहीं दिया। विकास के लंबे चौड़े भाषण करने वाली मोदी जी की केंद्र सरकार की एक बार फिर से पोल खुल गई है।

प्रस्तुत बजट से एक बड़ी उम्मीद बेरोजगार नौजवान लिए बैठे थे, इसी के साथ-साथ संगठित असंगठित क्षेत्र के श्रमिक अपनी आय बढ़ाने का इंतजार कर रहे थे और देश का किसान ऐम एस पी के साथ-साथ अन्य दूसरी सब्सिडीज का इंतजार कर रहा था, इन तमाम वर्गों के हाथ इस बजट में कुछ नहीं लगा । यह बजट देश के अंदर केवल 3 करोड़ खाते पीते आय कर दाताओं तथा कारपोरेट घरानों को ही राहत पहुंचाता दिखाई दे रहा है। इस बजट की एक विशेष बात यह भी है कि सरकार ने पहले से ही आम जनता को लूटने के लिए अनगिनत जीएसटी वसूल करने के रास्ते खोज रखे हैं जिनका बोझ आम गरीब जनता को सबसे ज्यादा झेलना पड़ता है। दूध दही किताब कॉपी रबड़ पेंसिल तथा अन्य दैनिक उपभोग की बस्तुओं पर सरकार पहले से ही जीएसटी लगाकर के गरीब लोगों की जेब खाली करने में लगी हुई है।शिक्षा स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर इस बजट में कुछ भी नहीं है। बेहतर होता कि यह सरकार किसानों के कर्ज माफ कर ऐम एस पी लागू करती तथा जीएसटी घटा कर गरीब उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचती।

कुल मिला कर इस बजट में देश के 125 करोड़ लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। इस बजट से निकली आह से दिल्ली के गरीब लोग वोट की चोट दे कर भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे।

# दस दिन बाद भी पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट नहीं की दर्ज,पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
प्रदीप शर्मा झांसी




मामला लहचूरा थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरा का है जहां 10 दिन पहले हुई चोरी की घटना के संबंध में पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है,जिससे पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर चोरी का मुकदमा लिखे जाने की गुहार लगाई से।ग्राम भटपुरा निवासी कमलेश कुमार पुत्र पुनु ने बताया कि 18 जनवरी 2025 को वह परिवार सहित एक रिश्तेदार के यहां शादी में गया था ।19 जनवरी को जब वह घर वापिस आया तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरे में रखा बक्सा भी टूटा पड़ा था।पीड़ित ने बताया कि जब मैने अन्दर जाकर देखा तो मेरे लाखों रूपए के सोने चांदी के जेवरात सहित गृहस्थी का सामान और लाखों रुपए की नकदी गायब थी जो उसने जमीन खरीदने के लिए रखी थी।पीड़ित ने 21 जनवरी 2025 को थाना लहचूरा पुलिस को घटना के संबंध में शक के आधार पर दो नामजद और तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित प्रार्थना पत्र दिया लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई । जिससे पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। वहीं पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर उक्त चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए चोरी का खुलासा करने और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# महिला ने दर्ज कराया पति पर केस

## बोली बेटी ना होने पर पीटा, घर से निकला

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
वीरू गौतम



**पीलीभीत,** बरखेड़ा थाना क्षेत्र मैं दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है, मचवाखेड़ा निवासी ओमवती ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है पीड़िता ओमवती का विवाह 23 अप्रैल 2022 को भगवंतपुर निवासी राजेश कुमार के साथ हिंदू रीति निवासी से हुआ था शादी के बाद से ही उसके पति राजेश कुमार सास गंगा देवी ससुर आनंद प्रकाश जेठ हरीश कुमार और जेठानी विद्या देवी कम दहेज लाने के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे

**पुलिस कर रही मामले की जांच :** शिकायत के अनुसार ससुराल वालों ने कई बार उसके साथ मारपीट की जान से मारने की धमकीया दी स्थिति तब और बिगड़ गई जब 6 दिसंबर 2023 को ओमवती ने एक बेटी को जन्म दिया बेटी के पैदाइश के बाद ससुराल वालों ने उसे ताने देना शुरू कर दिया और घर से निकाल दिया वर्तमान में ओमवती अपने मायके में रह रही है उसका आरोप है कि उसका पति अक्सर मैं मायके आकार उसे धमकता है उसे गाली गलौज करता है पीड़िता ने पुलिस से अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है पुलिस

# थाना चिलकाना इंस्पेक्टर कपिल देव अपनी पुलिस टीम के साथ भिड़े गौकशो से,1 गौकश के पेर में लगी गोली,2 फरार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरों जाती राम



**चिलकाना** आज तड़के लगभग 6 बजे अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ गांव चोरीमंडी क्षेत्र में चैकिंग पर निकले थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव व उनकी पुलिस टीम का गौवंश के कटान के प्रयास में लगे गौकशो से हुआ आमना सामना,इस आमने सामने की भीषण मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली,दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर हुए फरार,जिनकी तलाश में पुलिस की काम्बिंग समाचार लिखे जाने तक रही जारी।पकड़े गए गौकश के कब्जे मोके से एक जिंदा गौवंश,अवैध असलहा एवम गौकटान के बेइंतहा उपकरण हुए बरामद।घायल गौकश को कराया अस्पताल में भर्ती।आपको बता दें,कि इंस्पेक्टर चिलकाना कपिल देव अपनी एक बडी पुलिस टीम उपनिरीक्षक नरेश सिंह,पीयूष कुमार,संजीव कुमार,कांस्टेबल अनुज राणा एवम अन्य पुलिस टीम के साथ रात 2 बजे से ही क्षेत्र में गस्त पर थे,जैसे ही पुलिस टीम गस्त करते करते ग्राम चोरी मंडी के पास पंहुची,कि अचानक तभी ग्राम चोरी मंडी के खेतो की और से किसी जानवर के रंभाने की आवाज पुलिस टीम को सुनाई दी,प्रभारी निरीक्षक चिलकाना कपिल देव मय फोर्स के साथ लगातार आ रही किसी जानवर के रंभाने की आवाज की दिशा में खेतो की तरफ पहुँचे,तो वहाँ पर एक जिंदा गोवंश पेड़ से बँधा दिखाई दिया।जैसे ही पुलिस टीम गोवंश के नजदीक पहुँची,तो गोकशी कर रहे बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस टीम ने भी ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए आत्मरक्षार्थ हेतु जैसे ही जवाबी फायरिंग की,तो एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से हुआ घायल,इसके दो अन्य साथी खेतो व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से हुए फरार।फरार बदमाशों की तलाश हेतु लगातार पुलिस की कॉम्बिंग रही जारी।घायल बदमाश की पहचान इकरार पुत्र इकराम निवासी ग्राम दुमझेड़ी के रुप में हुई।घायल/गिरफ्तार बदमाश को ईलाज हेतू अस्पताल मे भर्ती कराया गया।पकड़े गए गौकश के कब्जे मौके से 1 जिंदा गोवंश,1 देशी तमंचा,1 खोखा/2 जिंदा कारतूस एंव गोकशी करने के बेहिसाब उपकरण हुए बरामद।आपको यह भी बता दें,कि गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध थाना चिलकाना मे गोकशी,एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में कुल 9 मुकदमें पंजीकृत है।

# कंपोजिट विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक कार्यक्रम हुआ संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी




**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विकास खण्ड बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के बीईओ संजय कुमार राय ने कंपोजिट विद्यालय रेहरिया में पहुंच कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीईओ ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक के बच्चे भी निजी स्कूलों की तरह अच्छी पढ़ाई के साथ साथ अन्य गति विधि खेलकूद,सांस्कृतिक,बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं बच्चों को पिकनिक ले जाना जैसी सरकार द्वारा जारी हर सुविधा प्रदान की जा रही है कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा दौड़ भी लगवाई गईं। विजेता बच्चों को शील्ड,कॉपी,पेन, देकर सम्मानित किया गया। शत प्रतिशत उपस्थित होने वाले बच्चों के अविभावकों को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया।

बीईओ के द्वारा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से आंगन बाड़ीओ को खिलौने की किट वितरित की गई।शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर अंतर्गत रेहरिया, शोभापुर, सनौली दिलोना, वीर, नारायणपुर, सोहास, पूरे दूलन, देवकली, धुनौली ठाकुरान यूपीएस, हूंसेपुर कंपोजिट विद्यालय, अहमदपुर यूपीएस एवं प्रथम, सहादतगंज सकौली सहित तमाम विद्यालयों में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक कार्यक्रम मनाया गया

# चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर की चोरी,सिलेंडर समेत हजारों का सामान पर हाथ किया साफ

## जनपद में हो रही चोरी पर नहीं लग रहा लगाम, चोरों के हौसले बुलंद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी




**बाराबंकी।** विकास खण्ड बनीकोडर क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय में रसोईघर का ताला तोड़कर सिलेंडर समेत हजारों रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। शुक्रवार को सुबह विद्यालय पहुंचे शिक्षकों और बच्चों ने देखा तो इसकी सूचना ग्राम प्रधान समेत पुलिस को दी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

मामला जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र सनाकापुर हथौंधा कंपोजिट विद्यालय का है। जहां पर दिनांक 31जनवरी दिन शुक्रवार को सुबह जब विद्यालय के शिक्षक स्कूल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि रसोईघर का ताला टूटा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार रसोई घर के अंदर रखा सिलेंडर,बर्तन और खाद्यान्न का सामान नहीं था,रसोई घर का कमरा साफ मिला। इसके बाद प्रधानाचार्य ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी और तहरीर पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। प्रधानाध्यापक अजय कुमार भारद्वाज ने बताया कि रसोई घर का ताला तोड़कर रसोई घर सेदो सिलेंडर,भगोना,बर्तन,चावल की एक बोरी,तेल समेत अन्य खाद्य पदार्थ चोरी हुआ है फिलहाल कोतवाली रामसनेही घाट की पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इससे पहले भी जनपद के अन्य विद्यालय में चोरी की घटनाएं हो चुकी है।

# हमें न नाम चाहिए न दाम, हमें तो गोहत्या मुक्त हिंदुस्तान चाहिए : स्वामी गोपालानंद सरस्वती

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली**

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश के निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय नूतन संवत 2081 से घोषित गोवंश रक्षा वर्ष के तहत जनपद पंचायत सुसनेर की समीपस्थ ननोरा, श्यामपुरा, सेमली व सालरिया ग्राम पंचायत की सीमा पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्थापित एवं श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा संचालित विश्व के प्रथम श्री कामधेनु गो अभयारण्य मालवा में चल रहें एक वर्षीय वेदलक्षणा गो आराधना महामहोत्सव में स्वामी गोपालानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि कालवा बालाजी महाराज एवं गोरक्षक हनुमान जी महाराज के पावन सानिध्य में भगवती गोमाता महिमा का गुणगान करते आज हम 299 वें दिन का हम आनंद ले रहें है क्योंकि गायमाता केवल दूध ही नहीं देती वह जीवन मरण के बंधन से भी मुक्त करती है, उसी भगवती गोमाता की सेवा के लिए कल की कथा में हमने जो आह्वान किया था कि 5 हजार भैया एवं 5 हजार मैया अगर पूर्ण व्यसन मुक्त एवं निष्काम भाव से गो सेवा में जुट जाएं तो उन 10 हजार से तो हम 20 करोड़ लोग खड़े कर देंगे,जिसके प्रभाव से भगवती गैया मैया के रक्षा का कार्य और उत्तम रीति से हो पाएगा ऐसा आग्रह हमने आपसे किया था और उसी के परिणाम स्वरूप पहले ग्वाल शक्ति सेना संगठन जो भाइयों में कार्य करेगा और कल धेनु शक्ति संघ रूपी संगठन का शुभारंभ 06 बहिनों की अगुआई में प्रारम्भ हो गया है और यह माताएं पूर्ण व्यसन मुक्त रहेगी चाहे कोई कितनी भी मनुहार करें लेकिन चाय,कॉपी एवं अन्य व्यसन सब से दूरी बनाएं रखनी है और कभी भी दूध,दही अथवा घी खाने की बात आएं तो गैया, मैया का ही






काम में लेना है और सेवा में निष्काता रहें अर्थात कोई कामना की इच्छा न हो बस यानि हमें न नाम चाहिए न हमें दाम चाहिए हमें तो बस गो हत्या मुक्त हिंदुस्तान चाहिए ,इसी ध्येय के साथ अपना काम खड़ा करना है और हमारे महापुरुषों ने कहां भी है कि की अगर एक कन्या सेवा में लग जाएं तो अनन्त युगों तक नरक में पड़े पुरखों को भी तार देती है और उसी श्रृंखला में आज मातृशक्ति के माध्यम से गो क्रांति में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले धेनु शक्ति संघ की सक्रिय कार्यकर्ता के नाते पंजाब के लुधियाना से रानी देवी भारद्वाज , राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से शारदा वैरागी एवं मध्यप्रदेश के खण्डवा से अर्चना तोमर,राजस्थान के चुरु जिले की तारानगर तहसील के ग्राम भालेरी से बहिन दिव्या शर्मा,बहिन कशिश शर्मा एवं बहिन पूजा शर्मा व ग्राम कोटाबाग से बहिन खुशबू आदि की धेनु शक्ति संघ के लिए घोषणा हुई*

स्वामीजी ने बताया कि भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में विराजित वेदलक्षणा गोमाता के प्रति भारतीय जनमानस में मातृत्व भाव जगे उसके लिए देश भर से 5 हजार गो कथा प्रवक्ता तैयार हो उसी श्रृंखला के प्रथम चरण में कुमारी धेनु प्रिया गोपाल (अंतिमा वैष्णव),कुमारी राधा गोपाल,कुमारी श्यामा गोपाल ,गोवत्स कृष्ण किरण गोपाल ,संजय कुमार गुप्ता झारखंड,रामेश्वर प्रसाद सिन्हा बिहार,गोवत्स गौरव गोपाल,गोवत्स आनन्द गोपाल,गोवत्स दिनेद्र गोपाल ( दिनेश ),गोवत्स किरण कृष्ण जी (मुखिया जी),गोवत्स भाईश्री भारत गोपाल ,ब्रह्मचारी धनञ्जय गोपाल, ब्रह्मचारी एकलव्य गोपाल,बाल कृष्ण जी महाराज आदि कथा प्रवक्ताओं को दृष्टि देवी फाउंडेशन की मार्गदर्शक साध्वी निष्ठा गोपाल सरस्वती दीदी ने इलेक्ट्रॉनिक यंत्र वितरित किए*

भारत में गौसेवा के लिए कार्य करने वाली गोशालाओं में गो सेवा कार्य करने वाले अनुभवी ग्वाल तैयार करने की दृष्टि से श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा ,कामधेनु गो अभयारण्य ,धेनु देवी फाउंडेशन एवं दृष्टिदेवी फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व के प्रथम गो अभयारण्य में आज ग्वाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ जो एक फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक चलेगा*299 वें दिवस पर सुरज मल जागीड,महादेव प्रसाद जागिड़, सांगलिया जिला सीकर, प्रफुल्ल हाडेकर स्वामी जी बल ब्रह्मचारी धमनगांव रेलवे जिला अमरावली महाराष्ट्र, महादेव राव काकडे वीरुन रुगे ,जिला अमरावली महाराष्ट्र आदि अतिथि उपस्थित रहें*

**299 वे दिवस पर चुनरी यात्रा राजस्थान के कोटा जिले से :** एक वर्षीय गोकृपा कथा के 299वें दिवस पर चुनरी यात्रा राजस्थान के कोटा जिले के रामगंजमंडी तहसील में स्थित श्री बाकेबिहारी गौ सेवा समिति अमरपूरा रामगंज मंडी की और से पधारे राकेश पांचाल,बजरंगी भील ठाकुर,मोहन मालव ने गोशाला परिवार की ओर से सम्पूर्ण विश्व के जन कल्याण के लिए गाजे बाजे के साथ भगवती गोमाता के लिए चुनरी लेकर पधारे और कथा मंच पर विराजित भगवती गोमाता को चुनरी ओढ़ाई एवं गोमाता का पूजन कर स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद लिया और अंत में सभी ने गो पूजन करके यज्ञशाला की परिक्रमा एवं गोष्ठ में गोसेवा करके सभी ने गोव्रती महाप्रसाद ग्रहण किया।

## 40 वर्षों से लगातार सेवा दे रहे वरिष्ठ बीमा सेवा सलाहकार दिनेश मिश्रा का हुआ सम्मान



**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**औरैया।** एल आई सी की आम जन मानस को अपनी सेवा देते हुए 40 वर्ष पूरे करने पर औरैया शाखा में वरिष्ठ बीमा सलाहकार दिनेश मिश्रा का वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने शाल ओढ़ाकर एवं केक काटकर स्वागत किया। मालूम हो कि श्री मिश्रा ने निरंतर अध्यक्ष क्लब सदस्य पद पर रहकर निगम की पॉलिसियों को आम जनमानस तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। उनके द्वारा लगातार पॉलिसी धारकों को अनेक बीमा कार्यों से सम्बन्धित सेवाएं निर्बाध रूप से निरंतर दी जा रही है।

इस अवसर पर मौजूद वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने श्री मिश्रा के उत्तम स्वास्थ की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान धनंजय सिंह,देव मुनि पोरवाल,आयुष शुक्ला,विकास मौर्या,गौरव राठौर,बबलू,विजय सिंह, मनोकांत अवस्थी,दीपक मिश्रा,प्रतिमा व प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली में बिल्ड भारत एक्सपो 2025 की मेजबानी करेगा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

**19 मार्च से शुरू होकर 21 मार्च 2025 तक चलेगी एक्सपो, दिल्ली के भारत मंडपम में होगा मेगा इवेंट**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**जयदेव यादव**




**मुरादाबाद-** मुरादाबाद के मानसरोवर स्थित इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि दिल्ली में बिल्ड भारत एक्सपो-2025 के आयोजन की तारीखों का ऐलान हो गया है। ये एक्सपो 19 मार्च से 21 मार्च 2025 तक दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित की जाएगी। यह प्रमुख कार्यक्रम औद्योगिक नवाचार को बढ़ावा देने, व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा देने और दुनिया के सामने भारत की विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो का उद्देश्य भारतीय उद्योगों की ताकत, क्षमता और नवाचारों को प्रदर्शित करना है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के दृष्टिकोण के साथ सम्मिलित है। इस कार्यक्रम में भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठनों के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आईआईए के चेयरमैन रवि कटारिया ने बताया कि इस एक्सपो का उ?द्घाटन 19 मार्च को होगा। 21 मार्च को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण शामिल होंगी।

नेटवर्किंग के अवसर: सरकारी निकायों, उद्योग संघों और व्यापार जगत के नेताओं के प्रतिनिधियों के साथ, यह एक्सपो भारतीय एमएसएमई और वैश्विक प्रतिभागियों के लिए एक बेहतरीन नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। सेक्रेटरी राजेश भारतीय ने बताया कि इस एक्सपो में नए उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का लॉन्च होगा, जो भारत की औद्योगिक और तकनीकी प्रगति को रेखांकित करेगा। बताया गया कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा समर्थित किया गया है, जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए स्टॉल शुल्क की 80-100त्न तक प्रतिपूर्ति प्रदान करेगा, साथ ही ओडीओपी और एमडीए योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश सरकार, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार और यूपीनेडा आदि से भी समर्थन प्राप्त है। असम सरकार सहित अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को तथा अन्य राज्य सरकारों को भी एक्सपो में समर्थन और भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## उप निरीक्षक अखंडा नंद दुबे की हार्ट अटैक से मौत ,मंझनपुर कोतवाली में तैनात थे दरोगा



**गणेश वर्मा ब्यूरो चीफ कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**

कौशाम्बी। मिर्जापुर जनपद के थाना देहात के नौहा गांव निवासी अखंडा नंद दुबे मंझनपुर कोतवाली में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। वह यहीं कस्बे में ही किराया का कमरा लेकर रहते थे। बहुत ही साफ दिल के आदमी थे। शुक्रवार को उनकी ड्यूटी ओसा चौराहा स्थित बैरिकेडिंग पर लगी थी। कोतवाली के इंस्पेक्टर संजय तिवारी ने बताया कि काफी दिनों से उन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या थी। जिसका वह इलाज करा रहे थे। शाम को ड्यूटी से कमरे में आने के बाद उन्हें अचानक उलझन के साथ सीने में दर्द की शिकायत हुई तो फोन कर उन्होंने कोतवाली की गाड़ी मंगवाई। साथी पुलिसकर्मी फौरन उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज स्थित अस्पताल पहुंचे। जहां चेकअप के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया हार्ट हटैक से मौत की जानकारी दी। जैसी ही परिजनों को मौत की खबर उनके परिजनों को दी गई उनके होश उड़ गए। मौत की खबर से परिवार जनों में मातम का माहौल है। वहीं मंझनपुर क्षेत्र के जुड़े संभ्रांत लोगों ने दु:ख प्रकट किया।

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**वरिष्ठ पत्रकार विपिन चौबे के साथ प्रयागराज में खबर कवरेज करने के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मियों के द्वारा अभद्रता करने से आक्रोशित होकर कौशाम्बी इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा**

**गणेश वर्मा - ब्यूरो चीफ कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**



कौशाम्बी ।शनिवार को जनपद के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब बैनर तले क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एडीएम को दिया है। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया की पत्रकार विपिन चौबे जो की देश के एक प्रतिष्ठित न्यूज चौनल के संवाददाता है।वो दिन वो प्रयागराज के पीएम हॉउस मोतीलाल नेहरू कॉलेज मे न्यूज कवरेज कर रहे थे।जिस दौरान वहां पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक कर्मी के द्वारा उनको न्यूज कवरेज करने से रोका गया और उनके साथ अभद्रता करते हुए उनको गिरफ्तार करने की धमकी भी दी गई जो अत्यंत गलत कार्य है। मौजूद कर्मियों के द्वारा देश के चौथे स्तम्भ को दबाने का प्रयास किया गया है। वो भी अनैतिक रूप से जिसकी जिला इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब कौशाम्बी घोर निंदा करता है और मांग करता है की वरिष्ठ पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मी के साथ शख्त कार्यवाही करते हुए उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए जिससे की आगे से भविष्य में कोई भी अफसरशाही दिखाते हुए मीडिया के साथ ऐसी अनैतिक हरकत न करें जिससे की सरकार की भी छवि धूमिल हो।दोषी पुलिस व प्रशासनिक कर्मी के खिलाफ उचित कार्यवाही न होने पर जिला इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब कौशाम्बी देश के चौथे स्तम्भ की रक्षा के लिए धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगा।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के महामंत्री करन सिंह ने कहा की पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार और जेल भेजने की धमकी देना कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा,पत्रकारों के हर लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर लड़ा जाएगा।उन्होंने कहा की हम सब मीडिया पत्रकार साथी एक साथ हैं।इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के अध्यक्ष अली मुक्तेदा, राम किशन ,मोहम्मद यासीन,आलोक यादव,सत्येंद्र खरे,चंद्र शेखर,अमर सिंह सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

# वनखण्ड बाजना में वन विभाग के दल द्वारा वन्यप्राणी अवैध शिकार पर कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से**

**मुस्तफा अली**



**सुसनेर** वन मंडलाधिकारीहै शाजापुर तथा उप वनमंडलाधिकारी आगर के निर्देशन मे 31 जनवरी को वन विभाग आगर मालवा को मुखबिर से मिली वन्यप्राणी के शिकार की सूचना पर वन अमला परिक्षेत्र आगर अंतर्गत बीट बाजना वनखण्ड बाजना क्रमांक पी 23 के ढोर वाले बल्डे पर पहुचे। वन परिक्षेत्र अधिकारी लक्ष्मीनारायण चैधरी व वन अमले द्वारा मौके से वन्यप्राणी मोर का अवैध शिकार करते आरोपी रामबाबु पिता प्रभुलाल जाति कंजर निवासी माकडोन जिला उज्जैन को पकड़ा आरोपी के पास से 05 मृत मोर, एक हिरो स्पलेण्डर मोटर साईकल, गेहूं के दाने जो निचे बिखरे थे मिले, आदि सामग्री जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6489/4 दिनांक 31/01/2025 में वन्य प्र.स. अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 16 (क) (ख), 39, 48 (ख)।।, 50, 51, 52 एवं भारतीय वन्य अधिनियम 1927 की धारा 32 (ज) में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में वन विभाग अमले वनपाल मंयक श्रीवास्तव, वनरक्षक राकेश कुम्भकार, छगनलाल परमार वनरक्षक, विपिन शर्मा वनरक्षक, अर्जुन चैहान वनरक्षक, जीवनसिंह, रमेशचन्द्र सुरक्षा श्रमिक का विशेष सहयोग रहा।

# चकोरी का भुगतान न होने पर किसानों ने डीएम को दिया शिकायती पत्र

**आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान किसानों ने भुगतान करवाने की लगाई गुहार**

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**



**अलीगंज** तहसील समाधान दिवस के दौरान किसानों ने चकोरी फसल का भुगतान न करने को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है जिसमें फॉर्म मै श्री राधे कृष्णा एंड सन पर उचित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द भुगतान कराने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है ।किसानों की फसल चकोरी का भुगतान लंबित होने पर एकजुट होकर किसानों ने तहसील समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि जीटी रोड के नेहरू नगर एटा स्थित मै श्री राधे कृष्णा एंड सन द्वारा किसानों के अनुबंध के तहत बीज वितरण कर चकोरी खरीदने का अनुबंध हुआ था जो तय समय पर चकोरी फॉर्म के द्वारा खरीद ली गई तथा भुगतान के लिए जुलाई तक का समय दिया गया था। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी फार्म द्वारा चकोरी का भुगतान नहीं किया गया तथा फार्म मालिक मुकेश कुमार से लगातार संपर्क करने पर भुगतान के लिए समय दे दिया जाता है। भुगतान न मिलने से किसान मानसिक रूप व आर्थिक रूप से परेशान है जिसके चलते किसानों नें एकत्रित होकर तहसील समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी से उचित कार्रवाई करते हुए भुगतान करवाने की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र देने वालों में दामोदर सिंह पुत्र अहिवरन सिंह, देव कुमार पुत्र रामदास सिंह, जितेंद्र कुमार पुत्र सौदान सिंह, बृजमोहन पुत्र सुरेश चंद्र सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण में मिली खामियां, 10 कर्मचारियों पर कार्रवाई पर गिरी गाज

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

**एटा** जनपद के राजा का रामपुर विकास खण्ड अलीगंज क्षेत्र में शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी एटा उमेश त्रिपाठी, एसीएमओ राम मोहन तिवारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बीएचएनडी कार्यक्रम और टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ उमेश त्रिपाठी ने ग्राम कूल्हा पुर, रोरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण किया तो वहीं एसीएमओ राम मोहन तिवारी ने कस्बा राजा का रामपुर के वार्ड नंबर 7 और 8 में निरीक्षण किया जहां सब सही पाया गया। सीएमओ उमेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खण्ड क्षेत्र के कुल 30 टीकाकरण केंद्रों का विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया है जहां मेरे द्वारा ग्राम कूल्हापुर, नगला रोरी, में बीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां जननी सुरक्षा वार्ड में प्रसव उपरांत 3 प्रसूता भर्ती मिली जिसमें डिलीवरी रजिस्टर का अवलोकन करने पर 48 घंटे से पूर्व प्रसूता को डिस्चार्ज करने पर समस्त स्टाफ नर्स रवीना,शशि, का वेतन वृद्धि, दिव्या, वेलमा, उमा, सुनीता, निशा, सपना, राधा, सत्यम संविदा कर्मी का मानदेय रोका गया। इसके उपरांत बीएचएनडी कार्यक्रम की सायं कालीन समीक्षा बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई बैठक में टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर एएनएम अर्चना की वेतन वृद्धि रोकी गई। बैठक में समस्त अपर एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



